


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03 : अंक : 332 | ग्वालियर, मंगलवार 12 जनवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### सीरम संस्थान को भारत सरकार से मिला कोरोना वैक्सीन का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने सोमवार को कहा है कि उसे भारत सरकार की ओर से कोरोना वायरस वैक्सीन की खरीदी का ऑर्डर मिला है। सीरम संस्थान ने कहा कि उसके वैक्सीन 200 रुपए प्रति शीशी के दाम उपलब्ध होगी। बता दें कि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया की कोविशील्ड वैक्सीन और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन को भारत में आपात स्थिति में इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी है। वैक्सीन के इस्तेमाल की हरी झंडी देते हुए डीसीजीआई निदेशक वीजी सोमानी ने बताया कि ये वैक्सीन इस्तेमाल के लिए सुरक्षित हैं अगर किसी में हल्के साइड इफेक्ट दिखेंगे भी तो इससे डरने की जरूरत नहीं है। देश में कोरोना वैक्सीनेशन की शुरुआत 16 जनवरी से होने जा रही है। वैक्सीनेशन के लिए जरूरी लॉजिस्टिक्स की तैयारी शुरू हो चुकी है। सभी राज्यों में ड्राई रन के रूप में कोरोना टीकाकरण का पूर्वाभ्यास भी हो चुका है। शुक्रवार को यूपी और हरियाणा को छोड़कर देश के बाकी सभी 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कोरोना वैक्सीनेशन का दूसरा देशव्यापी ड्राई रन चला। ये ड्राई रन कुल 736 जिलों में तीन सत्रों में चल रहा है। यूपी और हरियाणा पहले ही ड्राई रन कर चुके हैं। सरकारी बयान के मुताबिक, विस्तृत समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया कि आने वाले त्योहारों लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहु आदि के मद्देनजर कोविड-19 टीकाकरण अभियान 16 जनवरी 2021 से शुरू होगा। इसके मुताबिक, स्वास्थ्य कर्मियों एवं अग्रिम मोर्चे पर कार्यरत कर्मियों के बाद 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और 50 वर्ष से कम आयुवर्ग के उन लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी जोकि पहले ही अन्य बीमारियों से ग्रसित हैं, जिनकी संख्या करीब 27 करोड़ है। सरकार ने कहा, राष्ट्रीय नियामक ने दो टीकों (कोविशील्ड और कोवैक्सीन) को आपातकालीन उपयोग संबंधी मंजूरी अथवा तेज स्वीकृति प्रदान की है जोकि सुरक्षा एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करने में सक्षम पाए गए हैं।

### अनुष्का शर्मा ने दिया बेटी को जन्म, विराट कोहली ने लिखा- हमारी प्राइवेसी का सम्मान करें



**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने बेटी को जन्म दिया है। क्रिकेटर विराट कोहली ने खुद इंस्टाग्राम और ट्विटर पर पोस्ट कर बेटी का पिता बनने की जानकारी दी है। विराट कोहली ने ट्वीट कर लिखा है कि आप लोगों को खुशी के साथ यह सूचित करना चाहते हैं कि हमारे घर बेटी का जन्म हुआ है। आप सभी के प्यार, प्रार्थनाओं के लिए शुक्रिया। क्रिकेटर ने लिखा, हम दोनों को यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आज दोपहर हमारे यहां बेटी हुई है। हम आपके प्यार और मंगलकामनाओं के लिए दिल से आभारी हैं। अनुष्का और हमारी बेटी, दोनों बिलकुल ठीक है और हमारा यह सौभाग्य है कि हमें जिंदगी का यह चैप्टर अनुभव करने के लिए मिला। हम जानते हैं कि आप यह जरूर समझेंगे कि इस समय हम सब को थोड़ी प्राइवेसी चाहिए होगी। बेटी के जन्म की खबर के बाद से ही विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ट्विटर पर ट्रेंड हो रहे हैं। विराट कोहली ने ट्विटर के साथ ही इंस्टाग्राम और फेसबुक पर भी अपने फैन्स के साथ यह खुशी शेयर की है। इससे पहले अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने बीते साल अगस्त में ही फैन्स को जानकारी दी थी कि उनके घर जनवरी, 2021 में नया मेहमान आने वाला है।

### कोरोना टीकाकरण पर बोले पीएम- 16 से महाभियान

# अफवाहों पर लगाम लगाना राज्यों की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना टीकाकरण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तमाम मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की. मीटिंग में पीएम ने बताया कि कोरोना वॉरियर्स को वैक्सीन लगाई जाएगी. वहीं इस बैठक में सभी राज्यों ने टीकाकरण अभियान को लेकर तैयारियों का ब्योरा पेश किया. वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हुई यह बैठक इसलिए अहम है, क्योंकि देश में 16 जनवरी से टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है.

**अफवाहों पर राज्य लगाएं लगाम- पीएम मोदी**-पीएम मोदी ने कोरोना वैक्सीन को लेकर अफवाहों से बचने की सलाह दी. पीएम ने कहा कि इस तरह की अफवाहों पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी राज्यों की है. कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर वैज्ञानिक समुदाय की सलाह के आधार पर हम काम करते रहेंगे, हम उसी दिशा में चले हैं.



**काम आएगा अनुभव-पीएम मोदी**-पीएम मोदी ने कहा कि ये हम सभी के लिए गौरव की बात है कि जिन दो वैक्सीन को इमरजेंसी यूज का ऑथराइजेशन दिया गया है वो दोनों ही मेड इन इंडिया हैं. भारत को टीकाकरण का जो अनुभव है, जो दूर-सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचने की व्यवस्थाएं हैं वो कोरोना टीकाकरण में बहुत काम आने वाली हैं.

**कोरोना वॉरियर्स को पहले टीका- पीएम मोदी**-मुख्यमंत्रियों संग बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि सबसे पहले फ्रंट लाइन वर्कर्स को कोरोना का वैक्सीन लगेगा. इसके बाद सफाई कर्मियों को टीका लगेगा. इसके बाद पुलिसकर्मियों, सुरक्षाकर्मियों, सुरक्षा बल के जवानों को कोरोना का वैक्सीनेशन होगा. दूसरे चरण में 50 वर्ष से ऊपर के लोगों और जो लोग संक्रमण के लिए ज्यादा संवेदनशील हैं, उन्हें टीका लगेगा.

## समाज को आइना दिखाने का काम करती है मीडियाः पुलिस अधीक्षक अमित सांघी

**केशब पडित जी अम्बाह...**



**ग्वालियर।** पुष्पांजली टुडे का वार्षिक मिलन समारोह इन्द्रप्रस्थ गार्डन गोले के मन्दिर में हुआ जिसमें आये मुख्य अथिति ग्वालियर पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने मॉ सरस्बती पर पुष्प अर्पित कर अपने उद् बोधन में उन्होने कहा पत्रकारिता समाज व सरकार के बीच एक ऐसा दोहरा आइना माना जाता है जिसमे समाज और सरकार दौनो अपना अपना स्वरूप देखकर उसमें सुधार कर सकते है पत्रकारिता समाज में दवे कुचले बेजुबान लोगो की जुबान माना जाता है और अन्याय उत्पीडन के बिरूध आबाज बुलन्द करने का एक सशक्त माध्यम माना गया है पत्रकारिता ब्यबसाय नही बल्कि एक पत्रकार और पत्रकारिता समाज और सरकार की तस्वीर प्रस्तुत करके बास्तबिकता से परिचय कराती है पत्रकारिता के हर क्षैत्र मे पत्रकार की भूमिका निभाना दुस्भार होता है क्यो कि पत्रकार के हर क्षैत्र मे समाज द्रोही अराजकतत्व भ्रष्ट सभी पत्रकारो को अपना दुश्मन मानने लगे है और उन्होने कहा पुलिस पत्रकारो का चौली दामन का साथ होता है अत~ सभी समाज सेवी व पत्रकार बन्धुओ का एक समूह बनायेगे जिसमे सकारात्मक व नकारात्मक शहर व ग्रामीण जनो समास्यो से हमे जानकारी समय समय पर मिलती रहै हम उनके निदानो का हर सम्भव प्रयास करेगे मुझे आज बहुत खुशी होरही कि पुष्पॉजली टुडे न्यूज के समूह में आज इतना बडा जत्था मुझे देखने को मिला जिसमे मुरैना आगरा मथुरा औरैया जालौन के प्रत्येक जिले के सटीक व स्बच्छ रिपोर्टर देखने को मिले में जब पिछ्ली बार मुरैना पोस्टैट था तो हमें पुष्पॉजली टुडे न्यूज के सटीक मार्ग दर्शन से पुलिस को काफी सफलता मिली में एकबार पुष्पॉजली टुडे न्यूज के सभी सदस्यो को दिल से धन्यबाद देता हू तजो उपरान्त पत्रकारो का सम्मान किया गया इसमे उपस्थित पत्रकार बन्धु पुष्पॉजली के स्थम्ब छोटे सिह भदोरिया व बरिष्ट पत्रकार शैलेश कुशबाह पुष्पॉजली संरक्षक बहादुर सिह चौहान सम्पादक भरत चोहान उपसंपादक अर्पित गुप्ता सुधाशु मुदगल दबोह हरिओम चतुर्बैदी मथुरा टीम व औरैया से किरण राठौर टीम , शिबपुरी से रामस्वरूप रजक टीम भिंड से अनिल पारासर पंकज त्रिपाठी अरूण शुक्ला निर्मला शाक्य आगरा से प्रबेन्द्र टीम व मुरैना से पुष्पैन्द्र तोमर केशब पडिंत जी राधा तोमर सुनील तोमर लक्ष्मी नारयण ग्वालियर से अमित शर्मा वस। सुरजीत राजाबत टीम मौनू बाथम संतौष भदौरिया सीटू गुर्जर रश्मी चौहान मौहिनी राजाबत मयंक अरौरा एवं समस्त पुष्पॉजली टीम उपस्थित थे।





### राजस्थान में बर्ड फ्लू का प्रकोप, मंदा पड़ा चिकन और अंडे का धंधा

**जयपुर ।** बर्ड फ्लू के प्रकोप का असर राजस्थान में भी देखने को मिल रहा है. इस वजह से राजस्थान के शहरों में चिकन और अंडे की बिक्री प्रभावित हुई है. राजस्थान के 16 जिलों में कौए समेत अन्य पक्षी मृत पाए गए हैं. इनमें से कम से कम 4 जिले जिनमें जयपुर, झालावाड़, कोटा और शामिल है, में एवियन इनफ्लुएंजा के मामलों की पुष्टि हुई है. जयपुर के सांभर झील और भरतपुर के केवलादेव बर्ड सेंचुरी से सैंपल जांच के लिए इकट्ठे कराए गए हैं. इन जगहों पर हर वर्ष हजारों की संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं. बर्ड फ्लू की वजह से प्रदेश में चिकन और अंडों के दामों और बिक्री पर खास असर पड़ा है. चिकन का दाम लगभग 20 से 30 रुपये प्रति किलो गिर गया है. अंडों के दामों में करीब डेढ़ रुपये प्रति अंडे की कमी आई है. जयपुर में चिकन और अंडों की बिक्री करने वाले नौशाद ने आजतक से कहा कि बर्ड फ्लू आने के बाद से चिकन और अंडों की बिक्री पर फर्क पड़ा है. पहले चिकन का दाम 93 रुपये प्रति किलो था और आज 73 रुपये प्रति किलो है.

### पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल, दर्द से तड़प रही गर्भवती महिला को पहुंचाया अस्पताल



**कुलगाम।** पुलिस हमेशा ही लोगों की मदद के लिए आगे रही है. इन दिनों जम्मू-कश्मीर में जमकर बर्फबारी हो रही है. जिस वजह से वहां के रास्ते ब्लॉक हो गए हैं. ऐसे में कुलगाम में एक गर्भवती महिला और उसका परिवार मुसीबत में आ गया. पुलिस ने महिला की मदद करके उसे जीवनदान दिया है. महिला को चिकित्सा की आवश्यकता थी. कुलगाम पुलिस को चुरट क्षेत्र से एक कॉल आई कि गर्भवती महिला को दर्द हो रहा है और उसे तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता है. इसके बाद, एसएचओ काजीगुंड के नेतृत्व में एक पुलिस दल मौके पर पहुंचा और गर्भवती महिला को मेडिकल के लिए अस्पताल पहुंचाया. स्थानीय लोगों ने ऐसी स्थिति में भी त्वरित प्रतिक्रिया और सहायता के लिए पुलिस के प्रयासों की सराहना की है. बर्फबारी के कारण महीला के पास तक वाहन वहीं पहुंच सकता था इसलिए पुलिस ने महिला को अपने कंधों पर लेकर वाहन तक लाई और उसे अस्पताल पहुंचाया. गौरतलब है कि पिछ्ले कई दिन मैदानी इलाकों में बारिश हुई है और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी देखने को मिली है.

### किसान आंदोलन के बीच सियासी बैठकों का दौर, येचुरी से मिलेंगे शरद पवार

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली में किसान पिछ्ले एक महीने से ज्यादा समय से डटे हुए हैं. प्रदर्शन के बीच सरकार और किसानों में कई दौर की बातचीत हो चुकी है. लेकिन समाधान नहीं निकल पाया है. सरकार ने कह दिया है कि अब सुप्रीम कोर्ट ही इस मामले में फैसला करे. इस मामले पर आज कोर्ट में सुनवाई होनी है. इस बीच किसान आंदोलन को लेकर सियासी बैठकों का दौर तेज हो गया है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) सुप्रीमो शरद पवार सोमवार यानी आज दिल्ली में हैं. वह वामपंथी नेताओं से मुलाकात करेंगे. शरद पवार के घर पर सीताराम येचुरी और डी राजा मुलाकात करेंगे. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर भी नजर रहेगी. बता दें कि शरद पवार ने पहले भी सीताराम येचुरी से मुलाकात की थी. पिछ्ले 50 दिन से दिल्ली की सरहदों पर बैठे किसान संगठनों की मांग है कि केंद्र सरकार कृषि कानून वापस ले, इससे कम पर उन्हें कुछ भी मंजूर नहीं है. हालांकि कुछ मुद्दों पर सरकार ने किसानों की मांगें मानी भी हैं.




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोन: 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


### कोरोना की मार, बोरिस जॉनसन का दौरा रद्द होने के बाद

# अब बिना मुख्य अतिथि ही मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

> कोरोना की वजह से दुनियाभर में मचे हाहाकार के बीच भारत ने लगभग यह तैयारी कर ली है कि इस बार देश का 72वां गणतंत्र दिवस बिना किसी विदेशी मेहमान के मनाया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, कोरोना की वजह से ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन के अंतिम मौके पर समारोह में न आने के फैसले के बाद भारत ने अब किसी भी विदेशी मेहमान को न्योता न देने का सोचा है।

**नई दिल्ली।** पिछ्ले पांच दशकों में यह पहला गणतंत्र दिवस होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कोई विदेशी मेहमान नहीं होगा। इससे पहले सन् 1966 में गणतंत्र दिवस परेड में कोई विदेशी मेहमान शामिल नहीं हो सका था, जब 11 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री के अचानक हुए निधन के बाद 24 जनवरी को इंदिरा गांधी ने पीएम पद की शपथ ली थी। इसके अलावा सन् 1952 और 1953 में भी भारतीय गणतंत्र दिवस समारोह में कोई विदेशी प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए थे। इस बार राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद परेड की सलामी लेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि यह फैसला कई कारणों से लिया गया है। अधिकारी ने बताया, हम किसी विदेशी मेहमान को असहज स्थिति में नहीं डालना चाहते। यूके में नए स्ट्रेन की वजह से बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए पीएम बोरिस जॉनसन ने भारत आने में असमर्थता जाहिर की थी। अब अगर कोई नेता भारत का न्योता स्वीकार करता है तो उसके अपने देश में यह छवि जाएगी कि वह बोरिस जॉनसन का स्थान भरने भर के लिए भारत बुलाए गए हैं। 1950 के बाद ऐसा दो बार हुआ है जब भारत के न्योते को विदेशी मेहमान की तरफ से अस्वीकार करने के बाद दूसरे मेहमान बुलाए गए हों। इसके साथ ही कोरोना के यूके वाले स्ट्रेन ने भी हाहाकार मचाया हुआ है। 70 प्रतिशत तेजी से फैलने वाले इस स्ट्रेन की वजह से किसी भी नेता के दौरे को लेकर आखिरी समय तक अनिश्चितता बनी रहेगी। इन सबके अलावा नरेंद्र मोदी सरकार भी इस महामारी की स्थिति में किसी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहती है।



## एक नजर....



राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा श्री लाल सिंह आर्य जी द्वारा गोहद विधान सभा के मालनपुर खुमान के पुरा में रामअवतार गौड़ की धर्म पत्नी ,राजेश गौड़ की पूज्य माताजी ,तुकेडा में हरवीर सिंह भदौरिया के निधन ,गोहद चौराहा पर पंडित संतोष जैन जी की पूज्य माताजी,भगवासा में रविन्द्र चौधरी जी एवं महादेव प्रसाद जी के निधन ,धमशा जय श्री राम मास्टर के सुपुत्र, पिपहाड़ा में गेंदालाल जी की माताजी ,खितौली में सब्बीर सरपंच के पिताजी,सिलोहा में पूरन सिंह की माताजी, 3एवं गोहद नगर में वार्ड नं 4 में महावीर शर्मा जी के पिताजी वार्ड नं 2 में मजबूत बाबूजी की धर्म पत्नी , वार्ड नं 14 में भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक जैन जी के पूज्य चाचा जी एवं रमेश गुड़बालो की माताजी के शोकसंवेदना में सम्मिलित हुए जिसमे युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर ,चितौरा मंडल अध्यक्ष रवि शर्मा जी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपक तोमर जी, प्रमोद कामत जी, रामू तोमर जी, भगत तोमर जी, चंद्रशेखर शर्मा जी,रवि सिकरवार,रवि बोहरे, राहुल सिकरवार,ललित अग्रवाल जी,आशीष शर्मा जी, लल्ला कुशवाह,विनोद माहौर एवं भाजपा बरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्यापारी एवं नगर वासियों एवं ग्रामीणों से घर घर जाकर किसान रैली को लेकर समर्थन मांगा विधायक मेवाराम जाटव ने।



**मोहन मांझी**

गोहद। किसान रैली को लेकर गोहद में नगर वासियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विधायक मेवाराम जाटव ने नगर में भ्रमण कर व्यापारियों के प्रतिष्ठानों एवं घर घर जाकर 12 जनवरी को किसान ट्रैक्टर रैली के समर्थन हेतु सभी से सहयोग मांगा है। श्री जाटव ने व्यापारियों एवं नगर वासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी व्यापारी भाई नगरवासी एवं आमजन किसान ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने के लिए सहयोग प्रदान करें। विधायक श्री जाटव का कई स्थानों पर उन्हें तिलक लगाकर नगर वासियों का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विधायक मेवाराम जाटव के साथ ब्लॉक अध्यक्ष राघुवेन्द्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, शहर अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुदगल, गोपाल पचौरी, सलीम बॉक्स, साबू खान, जावेद पठान सहित आधा सैकड़ा से अधिक लोग उपस्थित थे।

## किसान कॉंग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन



मऊरानीपुर (झाँसी) उत्तर प्रदेश किसान कॉंग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार के नेतृत्व में एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश , मण्डलायुक्त झाँसी, जिलाधिकारी झाँसी को भेजा गया। जिसमें बताया गया कि तहसील ब्लॉक मऊरानीपुर के गाँव स्यावरी रौहत्याना आदिवासी मजरा जिसमें 300 से 350 रौहत्याना आदिवासी बस्ती है। जो वर्तमान मोदी शासन के डिजिटल गाँव की हकीकत से कोसों दूर है यहाँ का जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय प्रशासन शासकीय पत्रावलियों में विकास की हकीकत को सिद्ध करने में लगा है। यही कारण है कि इन आदिवासियों को आज तक इंसान का बच्चा नही समझे जाने के कारण विकास व कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोसों दूर है। इन आदिवासियों को जब तक इंसान का बच्चा नही माना जायेगा। तब तक इनका गाँव के सम्पर्क मार्ग से जुडाव के साथ कल्याणकारी योजना के लाभ से लाभान्वित नही हो पायेगा। इन रौहत्याना आदिवासियों ने ग्राम प्रधान , तहसील ,जिला प्रशासन से लेकर उत्तर प्रदेश शासन तक कई बार लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी समस्याओं को लेकर अवगत कराने के बाद भी इनकी वेदना व पीडाओं को समझने का प्रयास नही किया गया है। न ही इनको इंसान का बच्चा माना गया है। इसलिये अभी तक इनका आवागमन गाँव के मुख्य सम्पर्क से नही जुड पाया है। इनको इंसान का बच्चा मानकार गाँव के मुख्य सम्पर्क मार्ग से सम्पर्क स्थापित किया जाये। अगर ऐसा नही होता है तो ये आदिवासी आने वाले चुनाव का बहिष्कार करते हुये आन्दोलन करेगें। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्यारे लाल बेधडक, नन्दराम सिंह खंगार, रामाधार निषाद, बैजनाथ पांचाल, रामचन्द्र बुढिया, हरिश्चन्द्र मिश्रा, शेखरराज बडौनिया, राजेश गुप्ता, शिवशंकर, टीकराम अहिरवार, शिवम पाण्डेय, जगदीश सोनी, रेखा देवी अहिरवार आदि लोगों के ज्ञापन में हस्ताक्षर थे।

## सुनील साहू बने बुन्देलखण्ड आर्ट सोसाइटी के सदस्य

मऊरानीपुर (झाँसी) बुन्देलखण्ड आर्ट सोसाइटी द्वारा नव वर्ष वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन की विशिष्ट अतिथि उमा पाराशर व वरिष्ठ चित्रकार किशन सोनी बुन्देलखण्ड की लोककला पर कई वर्षो से कार्य कर रही वरिष्ठ चित्रकार मधु श्रीवास्तव व अन्य गणमान्य अतिथिगण ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता सुनील साहू को बुन्देलखण्ड आर्ट सोसाइटी का सदस्य बनाया गया। स्वागत भाषण में मुईन अख्तर ने सभी का स्वागत करते हुये सोसाइटी के उद्देश्यों व सदस्यों के लिये कई संभावनाओं पर्र प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नये सदस्यों का स्वागत सदस्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाअध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में किसानो से सम्वाद जारी

इटावा -इसी कड़ी में भरथना क्षेत्र के ग्राम मोढ़ी में किसान चौपाल लगाकर किसानों को कृषि बिल के बारे में जागरूक किया उन्होंने कहा लगभग 1 महीने से किसान धरने पर हैं और कल इतनी भारी बारिश में तीन किसानो ने अपनी जान गवां दी सरकार अभी भी किसानों की बात सुनने को तैयार नही है । इस देश मे लोकतंत्र खत्म कर दिया सरकार ने सरकार के लोग किसानों को गुमराह करने में लगे हैं कि इस विल से किसान फायदे में रहेगा ।इस बिल के माध्यम से अंबानी और अडानी जैसे लोगों की प्राइवेट मंडियां बन जाएंगी और सरकारी मंडियां और आढ़तिया खत्म हो जाएंगे।जिससे बाजार पर गिने चुने 2-3 लोगों का एकाधिकार हो जायेगा,जिससे वो लोग किसान की फसल अपनी मर्जी की कीमत पर खरीदेंगे और बेचेंगे भी अपनी मुहमांगी कीमत पर और कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग के जरिये किसानों को लूटा जाएगा किसानों से कंपनियों का लिखित सहमती होगी कंपनी किसान की फसल का रेट तय करेगी ।जब फसल तैयार होकर बेचने की बारी आएगी तब कम्पनी उसमे कमी निकालेगी ये पतला हैं काला ,गीला हैं अब आपकी फसल के रेट दूसरे लगाए जायेगे । जब किसान कहेगा कि तय तो कुछ और किया गया था अब कम क्यो किसान तीसरे को भी नही बेच सकता और इस विल में न्यायालय जाने का कोई प्रावधान नही हैं उपजिलाधिकारी ,या जिलाधिकारी से शिकायत कर सकते है सुनवाई की कोई गारंटी नही है क्यो की अडानी और अम्बानी के मैनेजरों की सुनवाई होगी वो अधिकारियों को मैनेज करेगे इसमे बाद में किसान अपनी जमीन बेचने पर मजबूर होगा फर्क इतना है छोटा किसान पहले बड़ा किसान एक दो साल बाद किसान अपनी ही जमीन में बंधुआ मजदूर बन जायेगा इस विल में देने की कोई गारंटी नही है इससे किसानों को नुकसान होना तय है



यही किसानों की और समाजवादी पार्टी की मांग हैं कि किसानों की फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य तय कर दे सरकार फिर चाहे कंपनी खरीदे या सरकार स्स्क्कसे कम में कोई व्यापारी फसल नही खरीदेगा इस पर एक कानून बनाया जाए ।इस बात पर सरकार मानने पर तैयार नही है क्यो की इसमे किसानों का फायदा और अडानी अम्बानी को नुकसान होगा ।आवश्यक वस्तओं पर भण्डारण की छूट दे दी है इससे महगाई बढ़ेगी पहले आप खाद्य सामग्री का भंडारण नही कर सकते थे अगर कोई भी व्यापारी करता था उस पर काला बजारी की कार्यवाही की जाती थी इस विल में सरकार ने छूट दे दी अब व्यापारी भण्डारण कर सकता है अडानी और अम्बानी की गोदाम पहले से ही बनी तैयार हैं ये फसलों का भण्डारण करके फिर अपने मन माने तरीके से रेट तय करेंगे इससे महगाई बढ़ना सुनिश्चित हैं ।उन्होंने कहा ये किसानों की आय दोगुनी करने के लिए आये थे महगाई दोगुनी कर दी जब किसानों की फसल बेचने का समय आ जाता है उसी समय फसलें सस्ती बिकने लगती हैं किसानों पर महंगाई इतनी सरकार ने डाल दी यूरिया खाद में 5 किलो कम कर दी उसके बाद दाम बढ़ा दिए ,कीटनाशक दबा, डीजल ,पेट्रोल,घरेलू गैस बिजली ,सभी दाम बढ़ा दिए ।फिलहाल में घरेलू गैस के दाम सीधे 100 रुपये बढ़ा दिए जो भी सब्सिडी मिलती थी उसे भी खत्म कर दी।।इटावा में भाजपा के विधायक और नेता किसानों की जमीन कब्जा करने में लगे पड़े हैं हाल ही में भरथना विधायक गरीब किसान की जमीन कब्जा कर रही थी और भी कई जगह कब्जा किये गए हैं किसानों को ये कृषि विल खत्म कर देगा वाकी किसानों की भाजपा नेता जमीन कब्जा कर लेंगे उन्होंने कहा कि इस सरकार में बेटियां और महिला सुरक्षित नहीं है बलात्कार अपहरण हत्या जैसी घटना हर रोज हो रही है जबसे प्रदेश में भाजपा सरकार आयी हैं तब से अपराध सबसे ज्यादा होने लगे हैं अभी बदायूं में मंदिर जाते समय एक महिला का बलात्कार कर हत्या कर दी गई ।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देकर आये थे अब उल्टा कर दिया इनके नेताओ ने कुलदीप सेंगर ने तो पीड़ता का परिवार ही खत्म कर दिया उसके बाद अभी भी उन्नाव सीट पर उपचुनाव नही करवाया गया लोगो को गुमराह करने के लिए सिर्फ झूठ बोलकर की सेंगर को पार्टी से निकाल दिया गया ये सब झूठ था । और चिन्मयानंद दोनो को सरकार बचाने में लगी रही।अब उत्तर प्रदेश की जनता 2022 में सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी ।कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया,ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव ,कार्तिकेय यादव ,बंटी यादव जिलापंचायत सदस्य आदि नेता मौजूद रहे।।

# भामाशाहा नारायणलाल चोयल ने समिति को 21हजार रूपये की आर्थिक सहयोग दिया

**नारायणलाल सैणचा**

चैन्नई ~-सीरवी समाज की प्रतिष्ठित स्वंयसेवी संस्था श्री आईजी सेवा समिति जो समाज में शिक्षा सहयोग संस्कार के लिए कार्यरत है इस संस्था को जाने-माने सेवाभावी साहसिक कर्मठ समर्पित कार्यकर्ता नारायणलाल सुपुत्र ताराराम चोयल बेरा-नवोड़ा गांव - वौपारी द्वारा समिति को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए ढेर सारी बधाई %आपने अपने परिश्रम से अर्जित धन में से कुछ हिस्सा सीरवी समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए दान दिया आप धन्यवाद के पात्र ह माँ आईजी से प्रार्थना करते हैं कि आपके व्यवसाय में दिन दुगनी रात चौगुना प्रगति हो ताकि भविष्य में शिक्षा, समाज व संस्कृति संस्कारों के लिए अपने जीवन में अर्जित धन



में से कुछ हिस्सा आहुत करते रहेंगे समिति को आपका और भी बहुत महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है संगठन को मजबूत करने के लिए% संगठन के लिए उचित समय निकालकर सेवा देने के लिए संगठन को धरातल पर स्थापित करने में आप अपनी ओर से बहुत ही सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं उसके लिए हम आपके आभारी हैं आप तन मन तथा धन तीनों प्रकार से इस संगठन को सहयोग दे रहे हैं ;आप जैसे नेक निर्भीक साहसिक एवं दृढ़ संकल्पवान कार्यकर्ता पर हमें गर्व है आपकी काबिलियत का हम सम्मान करते हैं दृढ़ संकल्पवान कार्यकर्ता जो ठान ली जो ठान लीऐसे विचारों के धनी आपका हम पुनः इस मंच से आपके अभूतपूर्व सहयोग के लिए बहुत बहुत धन्यवाद देते हैं बहुत-बहुत आपको बधाई देते हैं। आप जैसे कद्दावर निडर कार्यकर्ता के साहसिक निर्णय देखकर हमारे आत्म बल को भी नया हौसला मिलता है आप जैसे युवा समाजसेवी का ये मंच स्वागत करता हे

## सड़क दुर्घटना में पाँच घायल

मऊरानीपुर (झाँसी) विभिन्न सडक दुर्घटनाओं में पाँच व्यक्ति घायल हो गये। प्राप्त विवरण में निर्वल (27) पुत्र हरगोबिन्द निवासी लहचूरा, कृष्णकान्त (25) पुत्र छत्रपाल निवासी लहचूरा, मानवेन्द्र (18) पुत्र खेमचन्द्र निवासी सिजारी , सतेन्द्र (30) पुत्र लक्ष्मण निवासी उल्दन, दीपक राज (20) पुत्र राकेश निवासी भदरवारा को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया । सतेन्द्र व दीपक राज की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।



## प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज ने महाबलिपुरम वढेर मे सदस्यों को आईडी कार्ड सुपुर्द किये

**नारायणलाल सैणचा**

चैन्नई। तमिलनाडु पौन ब्रोकस एवंम् ज्वेलर्स एसोसिएशन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष आदरणीय स्वामी तेजानंद महाराज ने महाबलिपुरम, कलपाकम, कुवातुर, पवुनजुर, चैयुर एरिया के सदस्यों को संगठन के आई डी काड? पहचान पत्र महाबलिपुरम बडेर में सदस्यों को सुपुर्द किये! इस कार्यक्रम में मास्टर मांगीलालजी गहलोत,महाबलिपुरम व्यापारी संगठन के सदस्य ओमप्रकाश राठौड़ मोहनलाल गिरधारीलाल, शेषारामजी, तेजाराम, राजु, बुधाराम,र ाजूराम कुमावत, पवुनजुर एरिया के सदस्य दीपाराम, धर्माराम मदनलाल, महेन्द्र, योगेश एवंम् एरिया के सभी सदस्यों को प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सुपुर्द किये गये। सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों ओर गणमान्य सदस्यों को इस संगठन कार्य में सहयोग के लिए आभार एवं धन्यवाद ।

**कृषि कानून को लेकर दिल्ली किसान आंदोलन के समर्थन में**

# गोहद गल्ला मंडी में किसानों का चौथे दिन भी धरना जारी रहा

**गोहद।** तीन कृषि विरोधी कानूनों के विरुद्ध दिल्ली बॉर्डरों पर बीते 45 दिनों से चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में गोहद गल्ला मंडी में भी अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के आह्वान पर 8 जनवरी से किसानों का धरना प्रदर्शन चल रहा है गोहद गल्ला मंडी में किसानों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा है मध्य प्रदेश किसान सभा सीटू जनवादी महिला समिति नौजवान सभा आदिवासी एकता महासभा एवं खेतिहर मजदूर दलित दलित शोषण मुक्ति मंच के अलावा किसान अधिकार मंच ने इस आंदोलन को शुरू कर दिया है किसान यही पर रात गुजार रहे हैं तथा धरना स्थल पर ही भोजन पकाया जा रहा है एवं किसान संगठनों को कई गांव के किसानों ने इस आंदोलन को चलाने के लिए भरपूर मदद की है जिसमें लकड़ी के इंतजाम से लेकर दूध चाय का भी धरना प्रदर्शन पर गांव के किसानों द्वारा इंतजाम किया गया है आज गल्ला मंडी में चल रहे धरना प्रदर्शन के मौके पर किसान संघर्ष समन्वय समिति के नेताओं ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया और किसान नेताओं ने जन संगठनों के नेताओं ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है की तीन कृषि विरोधी कानूनों को अगर समय रहते वापस नहीं लिया गया तो आगामी दिनों में किसान आंदोलन को तेज किया जावेगा किसान नेताओं ने कहा 18 जनवरी महिला किसान महिला सम्मेलन 23जनवरी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किसान संवाद एवं गणतंत्र दिवस पर किसान रैली का आयोजन किया जावेगा क्रमानुसार चलाए जा रहे आंदोलन की तैयारियों मैं जन संगठनों के नेता गांव-गांव मीटिंग में कर रहे हैं पर्चा वितरण कर रहे हैं एवं किसान आंदोलन को तेज करने के लिए किसानों को सड़क पर उतरने की अपील भी कर रहे हैं इस अवसर पर धरने में उपस्थित किसानों को किसान नेता राजेश शर्मा किसान नेता ओमप्रकाश बाथम किसान नेता वीरेंद्र कुशवाहा सीटू नेता रशीद खान किसान नेता संबोधित किया संबोधित किया नारायण शर्माराजेन्द्र कुशवाह दलित शोषण मुक्ति मंच के नेता हरगोविंद जाटव जनवादी नौजवान सभा भूपेंद्र सिंह गुर्जर जनवादी महिला समिति की शोभा माहौर युवा नेता हरिविलास माहौर माहोर जन अधिकार किसान मंच के नेता धनीराम कुशवाहा ने संबोधित किया धरने पर उपस्थित किसानों ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कृषि विरोधी कानून तथा प्रस्तावित बिजली अधिनियम 2020 वापस लेने की मांग की इस अवसर पर देवाराम कुशवाह, राजेश शर्मा, रणवीर कुशवाह, हरिशंकर माहौर, गंगा प्रसाद माहौर, मुन्नालाल कुशवाह, उदयसिंह श्रीवास, रवि राठौर, फरमान खां पठान, साबिर खान, जय सिंह माहौर, कमल सिंह माहौर, लक्ष्मण कुशवाह, अनीता गोस्वामी, बादामी बाई, त्रिवेणी कुशवाह, रघुवीर माहौर सहित सैकड़ों किसान इस धरना प्रदर्शन पर उपस्थित थे।










VISION 2030
ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती
जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।
ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।
Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221



## एक नजर...



### मकान में लगी भीषण आग, मामला दर्ज

**मऊरानीपुर (झाँसी)** नगर के मुहल्ला नईबस्ती में तब कोहराम मच गया। जब एक मकान में भीषण आग लग गयी। आग लगने का कारण निवासियों को तब समझ में आया जब पता चला क आस पडोस निवासी आतिशबाजी, गोला, बारुद के भण्डारण में आग लगने से उसके मकान में आग पकड गयी। जिसमें अचानक से कपडों में आग लग गयी। जिसमें मासूम बुरी तरह से झुलस गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर कोतवाली पुलिस व फायर बिग्रेड को भी सूचना दी गयी । जिसमें पुलिस व फायर बिग्रेड मौके पर पहुँची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिसमें मासूम आहिद (5) उर्फफिज्ञान पुत्र बहादुर निवासी नईबस्ती बुरी तरह झलस गया। जिसके चलते बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद झाँसी रिफर कर दिया गया । वही नगर में जोरदार चर्चा का विषय बना रहा। **मामला दर्ज:**कोतवाली पुलिस से उपनिरीक्षक शिवम् सिंह बघेल ने सिराजुउद्दीन निवासी नईबस्ती को अपेक्षापूर्ण गोला बारुद आतिशबाजी का भण्डारण करने को लेकर उसमें आग लगने से आहिद उर्फफिज्ञान का गम्भीर रुप से घायल हो जाने से है। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 286, 324 आईपीसी व 3/5 विस्फोट पदार्थ अधि. 1908 के तहत पंजीकृत कर लिया।

### बसपाईयों ने किये गाँवों के दौरे, किया लोगों को जागरुक



**मऊरानीपुर (झाँसी)** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री उ. प्र. बहिन कुं. मायावती जी के 65 वें जन्मदिवस को सफल बनाने के लिये बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्त्ताओं द्वारा विधानसभा मऊरानीपुर के सेक्टर पठा, पलरा, उल्दन, नोटा, खिसनी, मगरपुर, सकरार, भिटौरा, तेजपुरा आदि ग्रामों में दौरे किये गये। साथ ही कार्यक्रम में ले जाने के लिये वाहनों की व्यवस्था से भी लोगों को जागरुक किया गया। इस मौके पर रोशन कुशवाहा सेक्टर प्रभारी, आशीष कुमार विधानसभा अध्यक्ष बसपा, राजू कुशवाहा, यश यादव भिटौरा, नारायन भिटौरा, सत्यप्रकाश अम्बेडकर, प्रताप गौतम दुर्गापुर, मानसिंह, विकल पचौरा, अनिरुद्व नोटा, संतराम, राकेश आदि लोग उपस्थित रहे।

### शोकसभा

मऊरानीपुर (झाँसी) भारतीय जनता पार्टी मऊरानीपुर की एक शोकसभा श्री शान्ति निकेतन धनुषधारी मन्दिर प्रागंण में बाबा रामदास ब्रहम्चारी के सानिध्य एवं नगर अध्यक्ष दिनेश राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जिसमें पं. विश्वनाथ शर्मा हिन्दू धर्मार्थ न्यास के मानद प्रशासक रमेश बिरथरे झाँसी का 76 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो जाने पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान की गयी। इस मौके पर रामकिशोर साहू, प्रागीलाल अहिरवार, कृष्ण मोहन पुरवार, महेन्द्र पाठक, हरचरन चौकरया, अशोक गिरी, सरोज दुबे, प्रदीप पटेल, हरीमोहन दुबे, चंचल कंथरिया, प्रमोद चतुर्वेदी, भैया सूरौठिया, दीपक कुशवाहा, आशू भारद्वाज, रोहित सोनी, मनीष खेवरिया, राजकुमार शर्मा, डालचन्द्र अहिरवार, आकाश आर्य, कैलाश राजपूत, मनोज मिश्रा, प्रदीप चौरसिया, राजेश बिलाटिया, राकेश सेठिया, मनीष सेठिया, केशव साहू, देशराज सुल्लेरे, शिवम् पाण्डेय, राकेश साहू, धीरेन्द्र झा, लोकेन्द्र सिंह झाँकरी, शैलेन्द्र भदौरिया, कन्हैया लाल भास्कर एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के सदस्य उपस्थित रहे।

### ऊँचाई से दो व्यक्ति फिसले

**मऊरानीपुर (झाँसी)** ऊँचाई से दो व्यक्ति फिसल गये। प्राप्त विवरण में **रविन्द्र (22)** पुत्र आशाराम निवासी बरौरी , घनश्याम (70) पुत्र सदाराम निवासी खरकामाफको प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।

### बाईक फिसलने से दो घायल

**मऊरानीपुर (झाँसी)** विभिन्न स्थानों पर बाईक फिसलने से दो व्यक्ति घायल हो गये। प्राप्त विवरण में गौरव सिंह (32) पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी चुरारा, सायरा बानो (45) पत्नी राजू निवासी पुरानी बैलाई को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया । सायरा बानो की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

### तीन व्यक्तियों ने जहर का सेवन किया

मऊरानीपुर (झाँसी) अज्ञात कारणों के चलते तीन व्यक्तियों ने जहर का सेवन कर लिया। प्राप्त विवरण में राजेश कुमार (34) पुत्र ग्यासी लाल निवासी नईबस्ती, वर्षा (24) पत्नी अंकित निवासी नईबस्ती, रामसखी (30) पत्नी धर्मेन्द्र निवासी कदौरा को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। दोनों की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

### ब्रांड के आई विल फैशन को फिर से परिभाषित किया



नारायणलाल सैणचा

तिरुपति का उद्घाटन ए गजेन्द्र किन्नर मुखिया आतिथि सुनील जिदोदर राष्ट्रीय सचिव बीजेपी इंचार्ज आंध्र प्रदेश इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय उधोग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व तामीलनाडु पावन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हैं स्वामी तेजानंद उपस्थित रहें थेरूपपतिरूपी प्यादा दलाल की दुकान अध्यक्ष प्रकाश राजपुरोहित, कोषाअध्यक्ष सुरेश प्रकाश आर्यमा, तिरूपति सीरवी समाज अध्यक्ष धामीचन्द परिहरिया, सचिव गोपाराम आगलेचा, ओमप्रकाश कुमावत, तेजसिंह राजपुरोहित, श्याम जाट सुगनाराम पटेल,ओगडराम कुमावत, हनुमान जाट, मदन सुथार, जगदम्राम पटेल,जगदीश देवासी,भाकराम कुमावत, भवरमल कुमावत शंकरम जाट,उपस्थित रहे।

### महिला अपराधों को घटित होने से रोकने हेतु मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री मध्य प्रदेश शासन ने प्रारंभ किया सम्मान अभियान

दतिया(अर्पित गुप्ता)

महिला अपराध के उन्मूलन हेतु समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने एवं महिलाएं बालिकाओं के लिए समाज में सम्मानजनक अनुकूल वातावरण तैयार करने साथ ही जनमानस को कानून के विधिक प्रावधानों के प्रति जागरूक कर मानसिक रूप से सशक्त करने जिसमें कि स्वयं महिलाएं नहीं बल्कि समाज के सभी वर्गो सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें इसे हेतु माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी तथा गृह मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा जी द्वारा एक जन जागरूकता अभियान सम्मान शुरू किया गया है 7 इस अभियान में दो मुख्य नारे शामिल किए गए हैं कुछ करो कुछ कहो समझदारी से एवं असली हीरो असली हीरो वो जो पीड़िता के समर्थन में सकारात्मक कार्य करे, महिला अपराध रोकने में पुलिस कि मदद करे । दतिया पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड अति. पुलिस अधीक्षक श्री कमल सिंह मोर्य श्री उपेन्द्र दीक्षित के निर्देशन में आज थाना बडोनी में थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा द्वारा अपने स्टाफ के साथ बडोनी के जनमानस को एकत्रित कर इस अभियान के बारे में अवगत कराया तथा महिला अपराधों को रोकने हेतु पुलिस को मदद करने हेतु आग्रह किया जिसमें बडोनी की जनता द्वारा उन्हें पूरा सहयोग करने का विश्वास दिलाया ।

## लखनऊ गैंगवार की 8 महीने पहले रची थी साजिश, 16 अपराधियों के नाम चिन्हित

**लखनऊ।** अजीत सिंह की हत्या का ताना बाना कोई आठ-10 दिन में नहीं बुना गया। बल्कि बेहद सोची समझी रणनीति के तहत अजीत को लखनऊ में गोलियों से छलनी किया गया। करीब आठ महीने से हत्या की साजिश रची जा रही थी। उसकी हत्या आजमगढ़ में आसानी से करायी जा सकती थी। साजिशकर्ताओं ने उसके जिलाबदर होने पर लखनऊ में ही उस पर हमला करने को कहा। इस हत्याकाण्ड में चार शूटरों और जेल में बंद दो अपराधियों के अलावा 16 नाम चिन्हित कर लिये गये हैं। दावा यह भी है कि पूरी साजिश में इससे ज्यादा अपराधी भी हो सकते हैं। ये सब एक सिरे से अजीत को जल्दी से जल्दी मौत की नींद सुला देना चाहते थे। प्रिंस की गिरफ्तारी और आजमगढ़ से मिली जानकारी पर पुलिस अब यही मान कर तफ्तीश आगे बढ़ा रही है।

**पंचायत चुनाव से पहले मरवाना चाहता था साजिशकर्ता**–आजमगढ़ के एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक जेल में बंद कुंटू और अजीत के बीच दुश्मनी लगातार बढ़ती जा रही थी। दोनों एक दूसरे को देखने की धमकी भी देते रहे। एक-दो सालों में अजीत ने अपना रूतबा काफी बढ़ा लिया था। वह आजमगढ़ में बुलेट प्रूफ गाड़ी से ही चलता था। उसके काफिले में हमेशा तीन-चार गाड़ी रहती थी। आजमगढ़ में वह अपनी सुरक्षा को लेकर बहुत सतर्क रहता था। जब वह जिला बदर हुआ तो लखनऊ में ज्यादा रुकने लगा। साजिशकर्ता पंचायत चुनाव से पहले उसकी हत्या करवा देना चाहते थे। पुलिस का कहना है कि ऐसा करके एक तीर से दो शिकार किये गये। कुंटू को उसकी गवाही से बचना था और गिरधारी को पंचायत चुनाव लड़ना था। दो दिन पहले आजमगढ़ में हिरासत में लिये गये एक अपराधी ने पुलिस को बताया कि अजीत को आजमगढ़ में मरवाना तो आसान था लेकिन हत्या के बाद वहां से निकलना कठिन था। कुंटू और अखण्ड को पता था कि अजीत लखनऊ में अपनी महिला मित्र के साथ अकेले घूमता है। इसके बाद ही लखनऊ में उसकी हत्या करवाने की साजिश रची गई थी।



**अंकुर और अखण्ड कई बार लखनऊ आए**–प्रिंस की गिरफ्तारी के बाद नामजद हुए अंकुर और अखण्ड की कॉल डिटेल से भी पुलिस को चौंकाने वाली जानकारियां मिली है। कुछ समय में दोनों कई बार लखनऊ आये। इनकी लोकेशन अजीत के फ्लैट के इर्द-गिर्द भी निकली है। आजमगढ़ में ये लोग कई बार जेल में कुंटू से मिले। इन दोनों से मिलने वाले कई बदमाश मऊ भी गये। अजीत मऊ का हिस्ट्रीशीटर था।

**हिस्ट्रीशीटर व गैंगस्टर शामिल गैंगवार में**– एसटीएफ व पुलिस ने अब तक की जानकारी का जो खाका तैयार किया है, उसके मुताबिक दो साजिशकर्ता जेल में है। गिरधारी समेत चार शूटर मौके पर थे। प्रिंस, अंकुर, बन्धन, बावर्ची मदद के लिये लाल गाड़ी से आये। आजमगढ़ में कुछ समय पहले जमानत पर छूटे दो बदमाशों ने पिस्टल उपलब्ध करायी। गिरधारी हिस्ट्रीशीटर है और उस पर दो बार गैंगस्टर भी लग चुका है। प्रदीप कबूतरा ने लखनऊ में कई तरीके से इनकी मदद करवायी। इसके अलावा मौके पर अगर ये पकड़े जाते तो मदद के लिये दो और बदमाश थे। ये भी आजमगढ़ से ही आये थे। यह दावा पुलिस शनिवार को मिले कुछ सीसी फुटेज के आधार पर कर रही है। प्रदीप ने घटना के बाद से ही मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। लखनऊ में उसके कई करीबी अपने घरों से फरार है।



### सीएम योगी ने लखनऊ सिविल अस्पताल पहुंच कर ड्राईरन का लिया जायजा

**लखनऊ।** आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह लखनऊ सिविल अस्पताल पहुंचकर कोरोना वैक्सीन के ड्राईरन के ट्रायल और वैक्सीनेशन की तहत चल रही तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री योगी सिविल अस्पताल सोमवार सुबह नौ बजकर 44 मिनट पर पहुंचे। करीब छह मिनट यहां रूककर सुविधाएं देखी। उन्होंने रजिस्ट्रेशन हाल, वैक्सीनेशन और परीक्षण कक्ष का निरीक्षण किया। ड्राई रन के ट्रायल में शामिल 15 स्वास्थ्य मौजूद थे। तय समय पर शुरू हुआ। मुख्यमंत्री सिविल अस्पताल में आखिरी ड्राईरन की तैयारियों से संतुष्ट दिखे।

### तीन बेटियां पैदा हुई तो भरी पंचायत में दे दिया तीन तलाक, घर से निकाला

मेरठ। मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट में एक परिवार में तीन बेटियां पैदा होने की सजा उनकी मां को दी गई। पति ने भरी पंचायत में उसे तीन तलाक दे दिया और खूब गालीगलौज की। बेटियां पैदा होने का दोष मां के सिर मढ़ दिया गया। इसके बाद हंगामा हुआ तो आरोपी पति फरार हो गया। पुलिस को सूचना दी गई। पति के खिलाफ महिला ने तहरीर दी है। पुलिस मामले की जानकारी में जुट गई है। अहमदनगर निवासी लियाकत ने अपने बेटी अंजुम का निकाह 12 साल पहले सलाउद्दीन निवासी मवाना से किया था। अंजुम और लियाकत को तीन बेटियां हुई। आरोप है कि लियाकत बेटे की चाह में पत्नी का उत्पीड़न करने लगा। कभी मारपीट करता और कभी घर से निकाल देता। कुछ दिन पहले भी पत्नी और तीनों बेटियों को सलाउद्दीन ने घर से निकाल दिया। अंजुम मायके आ गई। समझौते के लिए दोनों पक्षों को बुलाकर अहमदनगर में पंचायत की जा रही थी। दोनों परिवारों के लोगों के अलावा यहां बिरादरी के लोग मौजूद थे।

### दुकानदार की पैरवी में थाने गए भाजपा नेता का सिपाही ने सिर फोड़ा, हंगामे के बाद

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में दुकानदार की पैरवी करने थाने पहुंचे भाजपा नेता की एक पुलिसकर्मी ने पिटाई कर दी। इस घटना में भाजपा नेता का सिर फट गया। घटना रविवार की रात बरियारपुर थाना में हुई। मामले की जानकारी होने पर एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। नवसृजित बरियारपुर थाना क्षेत्र के महुआपाटन चौराहे पर बलराम चौरसिया की पान की दुकान है। समीप में ही घर होने के चलते बलराम देर तक दुकान खोलते हैं। रविवार की देर शाम उनकी दुकान खुली हुई थी। आरोप है कि गस्त में पहुंचा एक सिपाही जबरन दुकान बंद करा उनको थाने पर लेकर चला आया। जानकारी मिलने पर बरियारपुर भाजपा मंडल के अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष नागेश्वर पासवान दुकानदार की पैरवी करने करौंदी चौकी में स्थित बरियारपुर थाने पर पहुंचे। नागेश्वर का कहना है कि उनकी थानेदार दीपक कुमार से बात हो गई थी। वह थोड़ी देर बाद थाने पहुंचने और दुकानदार को छोड़ने की बात कहे। इस पर नागेश्वर अपने साथियों के साथ थाने पर ही रुक गए। नागेश्वर का आरोप है कि कुछ देर बाद नशे में धुत होकर हेड कांस्टेबल मनोज पटेल पहुंचा और अनाप-शनाप बकने लगा। उसने दुकानदार बलराम चौरसिया की पिटाई शुरू कर दी। विरोध करने पर सिपाही भड़क गया और वह नागेश्वर पासवान को भी डंडे से मारने-पीटने लगा।



सिपाही की पिटाई से नागेश्वर का सिर फट गया और खून बहने लगा। यह देख थाने में अफरा-तफरी मच गई। मौका देख सिपाही थाने से भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा के अन्य कार्यकर्ता थाने पर पहुंचे और घायल नागेश्वर को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात मौके पर थानाध्यक्ष दीपक कुमार पहुंचे और उनकी मान मनौवल शुरू की। थोड़ी देर बाद सीओ ने भी अस्पताल पर पहुंच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। घटना की जानकारी मिलने पर रात में ही एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने हेडकांस्टेबल मनोज पटेल को निलंबित कर दिया।

### वाँछित चल रहे अपराधी को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल



**मऊरानीपुर (झाँसी)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी दिनेश कुमार पी. के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर डॉ. अभिषेक कुमार राहुल व कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में चल रहे वाछित अपराधी राहुल पुत्र प्रेमनारायण निवासी मुहल्ला परवारीपुरा ,मऊरानीपुर को पकड कर जेल भेज दिया।

### बैल ने व्यक्ति को मारा

**मऊरानीपुर (झाँसी)** बैल ने व्यक्ति को मारा। प्राप्त विवरण में गौरव (12) पुत्र रामकुमार निवासी तपरियन को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।



### आप विधायक सोमनाथ पर फेंकी गई स्याही

### अमेठी में बोला था यूपी के अस्पतालों में पैदा होते हैं कुत्तों के बच्चे

रायबरेली। रायबरेली जिले के दौरे पर आए आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के विधायक सोमनाथ भारती पर सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में स्याही फेंक दी गई। इस दौरान आप विधायक की पुलिस के अधिकारियों के साथ नोकझोंक भी हुई। इसके बाद उन?हें गिरफ्तार कर लिया गया है पर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। दरअसल, अमेठी-रायबरेली के दौरे पर आए आप विधायक सोमनाथ भारती ने शनिवार को जगदीशपुर में पार्टी कार्यकर्ता मीटिंग में भड़काऊ बयान दिया था। कहा था कि भाजपा सरकार में गुंडों का राज है। सोमनाथ ने कहा था कि यूपी के अस्पतालों में कुत्ते के बच्चे पैदा होते हैं। आम आदमी पार्टी के विधायक और नेता सोमनाथ भारती रविवार को रायबरेली पहुंचे थे। वह सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में रुके।आज रायबरेली में पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात समेत उनके कई कार्यक्रम थे। सोमनाथ का आरोप है कि सुबह भाजपा कार्यकर्ता गेस्ट हाउस पहुंच गए और जैसे ही आप विधायक निकले उन पर स्याही फेंक दी। हिंदू युवा वाहिनी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गेस्ट हाउस में हंगामा भी खूब किया। पुलिस ने किसी तरह भाजपा कार्यकर्ताओं को शांत कर स्थितियों को संभाला। आदित्यनाथ सरकार की तानाशाही चरम पर है स्कूल,अस्पताल की बदहाली का सवाल उठाया तो आदित्यनाथ जी ने क्कनेताओं को आतंकित करना शुरू कर दिया पूर्व मंत्री व विधायक पर रायबरेली में भाजपाईयों ने हमला कर दिया और सोमनाथ को ही पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया है। इसके बाद आप के सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर कहा है कि यूपी में सरकार की तानाशाही चरम पर है। सांसद संजय ने कहा कि आप ने जब स्कूल, अस्पताल की बदहाली का सवाल उठाया तो क्क नेताओं को आतंकित किया गया है। पूर्व मंत्री व विधायक सोमनाथ भारती पर रायबरेली में भाजपाईयों ने हमला कर दिया और सोमनाथ को ही पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया है। वहीं भाजपा प्रवक्ता शलभ मणि त्रिपाठी ने आप नेताओं के आरोप पर पलट वार करते हुए वीडियो ट्वीट किया है। वीडियो में सोमनाथ पुलिस को धमकते हुए दिख रहे हैं। सोमनाथ कह रहे हैं कि वर्दी उतरवा लूंगा। पुलिस को चेतवानी दे रहे हैं पहचान लिया। आप रास्ता रोकेंगे हट जाइए।

## एसपी, ग्रामीण राहुल मिठास के स्थानान्तरण हो जाने पर मऊरानीपुर में हुआ विदाई समारोह

मऊरानीपुर (झाँसी) अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण , झाँसी राहुल मिठास का स्थानान्तरण उप सेनानायक , 37 वी वाहिनी , पी. एस. सी. कानपुर हो जाने पर मऊरानीपुर प्रशासन व नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने उनका विदाई समारोह बडे उत्साह के साथ किया। जो तहसील सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण , झाँसी राहुल मिठास का फूल माला पहनाकर, बुके भेंट कर जोरदार विदाई सम्मान किया गया। जिसमें स्थानीय अफसर के साथ नगर एवं क्षेत्रवासी , पत्रकार बन्धु ,मीडिया ने उनके कार्यकाल की काफी सराहना की गयी। साथ ही उनके तैनाती कार्यकाल में किसी को कोई भी परेशानी का कतई सामना



नही करना पडा। उनके द्वारा पीडितों को बराबर न्याय दिलाया गया कोई भी पीडित असन्तुष्ट होकर उनके पास से कभी नही गया। साथ ही अपराधियों में भी जोरदार भय मडराता रहा है। इसी के चलते अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल मिठास ने अपने सम्बोधन में बताया कि जब आपको सन्तुष्टि मिली है तो हम सफल कार्यकाल मानते है वही उन्होने बताया कि हमें यहाँ काफी सन्तुष्टि कार्यकाल लगा। इसी के चलते उन्होनें बताया कि मऊरानीपुर से हमारा इस तरह लोगों से लगाव प्रेम देखा गया कि जैसे ही मेरी झाँसी में नियुक्ति हुयी थी और मैने कार्यभार ग्रहण किया था। वैसे ही कप्तान साहब ने मुझे मऊरानीपुर घटना हो जाने पर भेजा गया था। तभी से मै मऊरानीपुर बराबर समय समय पर आता रहा। वही बताया गया कि मऊरानीपुर थाने से पता चलता है कि जनपद की क्या वैल्यू होती है। और अपने 2 साल के कार्यकाल को काफी सन्तुष्टि पूर्ण महसूस किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार राहुल, कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह , दीपक मोदी, अखिलेश सेठ, दीपक तिवारी, राजेश बिलाटिया ,नरेन्द्र दमेले, राजेन्द्र राहुल आदि के साथ महिला मण्डल उपस्थित रहा। वही नवागन्तुक अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, झाँसी नैपाल सिंह से भी आशा है कि उनका भी सहयोग पूर्व की भाँति बराबर लोगों को मिले।

### महिला अपराधों को घटित होने से रोकने हेतु मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री मध्य प्रदेश शासन ने प्रारंभ किया सम्मान अभियान थाना लहार में भी महिलाओं एवं बालिकाओं को दिए गए बचाव के सुझाव

लहार(अर्पित गुप्ता)



महिला अपराध के उन्मूलन हेतु समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने एवं महिलाएं , बालिकाओं के लिए समाज में सम्मानजनक अनुकूल वातावरण तैयार करने साथ ही जनमानस को कानून के विधिक प्रावधानों के प्रति जागरूक कर मानसिक रूप से सशक्त करने जिसमें कि स्वयं महिलाएं नहीं बल्कि समाज के सभी वर्गो सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें इसे हेतु माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी तथा गृह मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा जी द्वारा एक जन जागरूकता अभियान सम्मान शुरू किया गया है। इस अभियान में दो मुख्य नारे शामिल किए गए हैं कुछ करो कुछ कहो समझदारी से एवं असली हीरो असली हीरो वो जो पीड़िता के समर्थन में सकारात्मक कार्य करे, महिला अपराध रोकने में पुलिस कि मदद करे । दतिया पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह अति. पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन,एस.डी.ओ. पी लहार अवनीश बंसल के निर्देशन में आज थाना लहार में थाना उपेंद्र छारी द्वारा अपने स्टाफ के साथ लहार की बालिकाओं,महिलाओं एवं महिलाबालविकास एबम शिक्षकाओ को एकत्रित कर इस अभियान के बारे में अवगत कराया तथा महिला अपराधों को रोकने हेतु पुलिस को मदद करने हेतु आग्रह किया जिसमें बडोनी की जनता द्वारा उन्हें पूरा सहयोग करने का विश्वास दिलाया थाना प्रभारी लहार उपेंद्र छारी,सहायक उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह,आदिल खान,पूजा दोहरे,ए. एस. आई रविन्द्र सिंह सेंगर,प्रधान आरक्षक सन्तोष तिवारी,आरक्षक पंकज शर्मा,मनीष जादौन, शैलेन्द्र सिंह,अनिल मिश्रा,उग्रसेन,उदयभान,श्याम उक्त अभियान में लोगो को सम्मलित करने तथा सहयोग करने हेतु अपील की ।

## दिल्ली में किसान आंदोलन के समर्थन में गोहद में आज किसान ट्रैक्टर रैली का आयोजन

मोहन मांझी

**गोहद।** केंद्र की मोदी सरकार ने किसान विरोधी 3 विल संसद में पास करके किसानों पर थोपे गए हैं उनके विरोध में पूरे भारत में आंदोलन किए जा रहे हैं एवं मुख्य आंदोलन किसानों के द्वारा दिल्ली के अलग-अलग वोडरों पर किया जा रहा है किसानों के समर्थन में 12 जनवरी को गोहद विधानसभा के अंतर्गत किसान ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया है इस किसान रैली में किसानों के द्वारा 500 से अधिक ट्रैक्टर सम्मिलित किए जा रहे हैं रैली में हजारों की संख्या में किसान सम्मिलित होकर केंद्र सरकार के तीन किसान विरोधी कानूनों का विरोध किया जाएगा। किसान ट्रैक्टर रैली गोहद चौराहा अरविंद महाविद्यालय से 12 जनवरी को दोपहर 12ः00 शुरू होकर गल्ला मंडी तिराहा, गोलंबर तिराहा, गंज बाज़ार, भानु की घटिया, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार, इटली गेट होते हुए नया बस स्टैंड अंबेडकर पार्क में दोपहर 2ः00 बजे के लगभग सभा में तब्दील हो जाएगी। किसान ट्रैक्टर रैली एवं सभा के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम किसानों की मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। किसान ट्रैक्टर रैली में सम्मिलित होने के लिए लगभग 500 से अधिक किसान ट्रैक्टरों को पास जारी किए गए हैं। इन ट्रैक्टरों पर किसान अपने अपने झंडे बैनर लगाकर किसान भाई किसान ट्रैक्टर रैली पास के माध्यम से रैली में सम्मिलित होंगे। किसान ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के द्वारा अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है जो किसान ट्रैक्टर रैली की घोषणा होने के बाद ही अपनी अपनी जिम्मेदारियों से कार्य कर रही हैं। किसान ट्रैक्टर रैली के लिए पास कलेक्ट करने की जिम्मेदारी युवक कांग्रेस की टीम को दी गई है जिसमें मुख्य तौर पर डॉ राजकुमार देशलहरा एवं कुलदीप गुर्जर एवं उनके साथी मुख्यतः हैं किसान ट्रैक्टर रैली का आयोजन पूर्व मंत्री एवं लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह एवं गोहद विधायक मेवाराम जाटव के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस रैली की समस्त व्यवस्थाएं डॉक्टर गोविंद सिंह एवं मेरे द्वारा देखी जा रही हैं। यह जानकारी गोहद विधायक जाटव के द्वारा अपने सरकारी आवास पर पत्रकार वार्ता के माध्यम से दी गई। प्रकार वार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, शहर अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुदगल, गोपाल पचोरी, पर्यवेक्षक वीरेंद्र सिंह राणा, राजू कक्का, उमेश कांकर, अवधेश शुक्ला, गणेश सरपंच, लाखन बाथम, जावेद पठान, आशीष गुर्जर, पिंकी ऊंचाडिया, बॉबी जर्मन, साबू खान, गोविंद परिवार, लगभग आधा सैकड़ा से अधिक लोग उपस्थित थे।



### जन अधिकार पार्टी ने माँगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मऊरानीपुर (झाँसी)** जन अधिकार पार्टी के नेतृत्व में एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को भेजा गया। जिसमें बताया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित कृषि कानून , नई शिक्षा नीति व श्रम नीति की खामियों व प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों, डीजल- पेट्रोल के कीमतों में बढोत्तरी को तत्काल वापस लेने व सरकार द्वारा पिछडे वर्ग का आरक्षण समाप्त किये जाने एवं क्रीमिलेयर व्यवस्था लागू करने के विरुद्व अवगत कराया गया। वही जन अधिकार पार्टी एवं भागीदारी संकल्प मोर्चा द्वारा बताया गया कि पिछले 1 जून से 7 जून तक लगातार धरना प्रदर्शन भी किया गया। और उसके बाद लगातार प्रत्येक सोमवार को प्रदर्शन किया जा रहा है। और धरना प्रदर्शन का 30 वाँ सोमवार है और प्रत्येक सोमवार को महामहिम को ज्ञापन भी भेजा जा रहा है। किन्तु शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है। एक स्वस्थ लोकतन्त्र में जनता की आवाज की इस प्रकार की अनदेखी अच्छी नही है। इस मौके पर डॉ. बालचन्द्र कुशवाहा, चन्दन सिंह कुशवाहा, नीरज कुशवाहा, राधे लाल कुशवाहा, रामपाल सिंह कुशवाहा, ताराचन्द्र कुशवाहा, रामदास कुशवाहा, श्याम लाल कुशवाहा, अवधेश कुशवाहा, शिवम् कुशवाहा, मोहित कुशवाहा, कैलाश नारायण , जमुना प्रसाद कुशवाहा, संजय विश्वकर्मा, केशव कुशवाहा, बालचन्द्र कुशवाहा, कल्लू, कालीचरन कुशवाहा आदि लोगों के ज्ञापन में हस्ताक्षर थे।

# सम्पादकीय

## समाधान की उम्मीद

किसानों का बढ़ता आंदोलन जितना दुखद है, उतना ही चिंताजनक भी। दिल्ली की सीमाओं पर अनेक जगह जिस तरह से ट्रैक्टर रैली निकालकर किसानों ने प्रदर्शन किया है, उससे प्रशासन के कान खड़े हो जाने चाहिए। सबसे दुखद यह कि घोषित रूप से ऐसी रैली का अभ्यास 26 जनवरी के आयोजन को प्रभावित करने के लक्ष्य के साथ किया गया है। दिल्ली चलो के नाम पर 26 नवंबर को शुरू हुआ किसानों का विरोध प्रदर्शन तनाव बढ़ाने की दिशा में बढ़ चला है। किसानों को नए कृषि कानूनों की वापसी और न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के अलावा कुछ भी मंजूर नहीं। सरकार किसानों के साथ अनेक बार वार्ता कर चुकी है, लेकिन समाधान की उम्मीद को बल नहीं मिला है। आज 8 जनवरी को किसान-सरकार वार्ता फिर प्रस्तावित है, लेकिन अफसोस, 7 जनवरी की शाम तक इस वार्ता को लेकर कोई नई उम्मीद या प्रस्ताव सामने नहीं आया। स्वाभाविक है, किसी भी लोकतंत्र में जब सरकार किसी आंदोलन की बात नहीं सुनती है, तो उस आंदोलन में शामिल लोग शक्ति प्रदर्शन करते हैं और किसान ट्रैक्टर रैली के जरिए यही करना चाहते हैं। 2,500 से भी ज्यादा ट्रैक्टर का दिल्ली की सीमा पर पहुंचना अपने आप में ऐतिहासिक है। ट्रैक्टर गांवों व खेतों में चलाया जाने वाला वाहन है, पर अगर ऐसे वाहन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में दौड़ेंगे, तो क्या होगा, सोच लेना चाहिए। नई दिल्ली में एक अनुमान के अनुसार, करीब 124 प्रवेश द्वार हैं, जिनसे होकर दोपहिया समेत करीब छह लाख वाहन रोज आते हैं। रोज इतने वाहन दिल्ली आते हैं कि ज्यादातर प्रवेश द्वारों पर गिनती भी नहीं होती। कौन नहीं जानता कि दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र उत्तर भारत का सबसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक व शैक्षणिक केंद्र है। अगर ज्यादा दिनों तक यहां यातायात को रोका जाएगा, तो जाहिर है, व्यवसाय और रोजगार पर असर पड़ेगा, जिसका नुकसान पूरे देश को उठाना पड़ेगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले तीन करोड़ से ज्यादा लोगों के बारे में न केवल किसानों, बल्कि सरकार को भी सोचना चाहिए। यह तो अच्छा है कि अभी भी दिल्ली के कुछ प्रवेश द्वार खुले हैं और दिल्ली किसी तरह से चल रही है, लेकिन किसान अगर एक जगह बैठने के बजाय जगह-जगह रैलियां निकालने लगेंगे, तो फिर मुश्किलों का कारवां भी चलेगा। आज की वार्ता में सरकार को समाधान के मकसद से ही बैठना चाहिए। लोगों को ही नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट को भी आज की वार्ता से उम्मीदें हैं। ध्यान रहे, 11 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट किसान आंदोलन पर आगे सुनवाई करेगा। उसकी चिंता पहले भी सबके सामने आ चुकी है। मामले को संवाद के जरिए सुलझाने में ही सार है। जहां सरकार को जल्द समाधान के लिए काम करना चाहिए, वहीं किसानों को भी कुछ नरमी जरूर दिखानी चाहिए। देश भर में कृषि की जमीनी हकीकत, उदारीकरण और समग्र अर्थव्यवस्था के बारे में सोचना चाहिए। ज्यादा अड़ने से आंदोलन में उग्रता बढ़ने का खतरा है, जिसे झेलने की स्थिति में देश नहीं है। पहले कोरोना और अब बर्ड फ्लू से अपनी अर्थव्यवस्था को बचाना ज्यादा जरूरी है। इसके अलावा, यह आंदोलन अगर लंबा खिंचा, तो लोगों का कृषि से मोहभंग भी बढ़ेगा। अब दोनों पक्षों को समग्रता में विचार करते हुए वार्ता के लिए बैठना चाहिए।

# परतों में पलता भ्रष्टाचार

संजय वर्मा

> कोई निर्माण कितनी खराब गुणवत्ता का है, इसे जांचना मुश्किल नहीं है। किसी भी सरकारी इमारत, पुल, सड़क या अस्पताल को बनते हुए देखने पहुंच जाइए, तो साफ पता चल जाता है कि सीमेंट, लोहा, बजरी की बजाय निर्माण सामग्री में रेत ही रेत भरी पड़ी है। लेकिन इंजीनियर, सरकारी बाबू और ठेकेदार का गठजोड़ इतना मजबूत होता है कि निर्माण की गुणवत्ता-मजबूती जांचने और उसे पुख्ता बता कर पास करने वाली टीमों को शायद ही कभी कोई कमी नजर आए। लगभग पूरे देश में यह एक बेहद आम शिकायत है कि नगर पालिकाओं से लेकर स्थानीय स्तर पर सांसद कोष, विधायक कोष सहित राज्य व केंद्र सरकार की मदद से विभिन्न पंचायतों में करवाए जा रहे निर्माण कार्यों में जम कर धांधली होती है। शहरी इलाकों के अलावा अक्सर ऐसी शिकायतें विभिन्न पंचायतों के ग्रामीण संबंधित क्षेत्र के विकास अधिकारियों से करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारीगण शायद ही कभी मामलों की तह में जाने की कोशिश करते हैं।

लगभग पूरे देश में यह एक बेहद आम शिकायत है कि नगर पालिकाओं से लेकर स्थानीय स्तर पर सांसद कोष, विधायक कोष सहित राज्य व केंद्र सरकार की मदद से विभिन्न पंचायतों में करवाए जा रहे निर्माण कार्यों में जम कर धांधली होती है। शहरी इलाकों के अलावा अक्सर ऐसी शिकायतें विभिन्न पंचायतों के ग्रामीण संबंधित क्षेत्र के विकास अधिकारियों से करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारीगण शायद ही कभी मामलों की तह में जाने की कोशिश करते हैं।

जनता के पैसे को किस तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाया जाता है, इसकी ताजा मिसाल दिल्ली के नजदीक कस्बे मुरादनगर का श्मशान घाट में देखी जा सकती है। वहां एक अंत्येष्टि में आए लोग बारिश से बचने के लिए जिस बरामदे के नीचे जमा हुए थे, वह भरभरा कर ढह गया और पच्चीस लोगों की मौत हो गई।

हारी-बीमारी में हुई किसी की मौत ही अपने आप में तकलीफदेह होती है, ऐसे में पता चले कि पच्चीस लोग सिर्फ इसलिए असमय मौत के मुंह में समा गए क्योंकि कुछ अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों ने सार्वजनिक निर्माण में जम कर धांधली की और वह निर्माण चंद दिनों में ही ढह गया, तो यह दर्द आखिर कैसे बर्दाश्त हो सकता है! विडंबना यही है कि इस दर्द को आजादी के सात दशकों बाद भी सरकारें समझ नहीं पाई हैं, अन्यथा दुर्दांत हत्यारों को जिस तरह मृत्युदंड दिया जाता है, उसी तरह भ्रष्ट इंजीनियर-ठेकेदारों को भी ऐसी कठोर सजा मिलती जो और के लिए सबक बनती।

मुरादनगर हादसे के बाद यदि यह देख कर संतोष कर जाए कि घटना के जिम्मेदार इंजीनियर-ठेकेदार सलाखों के पीछे हैं और उत्तर प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को लाखों का मुआवजा दे दिया है, तो साफ है कि ऐसी घटनाएं कभी नहीं थमेंगी। इसकी वजह ऐसे ज्यादातर मामलों में अपनाई जाने वाली वाली नीति रही है। देखा गया है कि इंजीनियर-ठेकेदार आदि का गठजोड़ घटिया निर्माण



कर जनता के पैसे की बंदरबांट कर लेता है और कोई घटना हो जाने पर सरकार जनता के पैसे को ही मुआवजे में स्वाहा कर देती है।

यह साफ तौर पर कर के धन का दुरुपयोग है। ऐसी घटनाओं के मद्देनजर असल में देश के करदाताओं को यह सवाल सरकारों से पूछना शुरू कर देना चाहिए था कि वे बताएं कि आखिर उन्होंने कर के रूप में वसूल किए गए पैसों का कहां और कितना इस्तेमाल (दुरुपयोग) किया। जिस तरह स्कूल, सड़क, पुल, अस्पताल और अन्य तमाम सार्वजनिक निमार्णों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल भ्रष्टाचार है, उसी तरह मुआवजे की नीति या राजनीति भी अपने आप में भ्रष्टाचार है।

इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार का मौजूदा रवैया एक कसौटी की तरह लिया जाना चाहिए कि सार्वजनिक संपत्ति के किसी भी तरह के नुकसान के लिए उसके वास्तविक दोषी पहचाने जाएं और नुकसान की भरपाई उन्हीं के घर-मकान-जायदाद बेच कर वसूले गए पैसों से की जाए। बल्कि इसमें एक कदम और आगे बढ़ना होगा और निर्माण ढहने के कारण मृतकों के जिन परिवारों के सदस्यों को नौकरी का वचन सरकार दे रही है, तो वे नौकरियां उन्हीं भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों को हटा कर दी जाएं जो ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं।

कोई निर्माण कितनी खराब गुणवत्ता का है, इसे जांचना मुश्किल नहीं है। किसी भी सरकारी इमारत, पुल, सड़क या अस्पताल को बनते हुए देखने पहुंच जाइए, तो साफ पता चल जाता है कि सीमेंट, लोहा, बजरी की बजाय निर्माण सामग्री में रेत ही रेत भरी पड़ी है। लेकिन इंजीनियर, सरकारी बाबू और ठेकेदार का गठजोड़ इतना मजबूत होता है कि निर्माण की गुणवत्ता-मजबूती जांचने और उसे पुख्ता बता कर पास करने वाली टीमों को शायद ही कभी कोई कमी नजर आए। लगभग पूरे देश में यह एक बेहद आम शिकायत है कि नगर पालिकाओं से लेकर स्थानीय स्तर पर सांसद कोष, विधायक कोष सहित राज्य व केंद्र सरकार की मदद से विभिन्न पंचायतों में करवाए जा रहे निर्माण कार्यों में जम कर धांधली होती है। शहरी इलाकों के अलावा अक्सर ऐसी शिकायतें विभिन्न पंचायतों के ग्रामीण संबंधित क्षेत्र के विकास अधिकारियों से करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारीगण शायद ही कभी मामलों की तह में जाने की कोशिश करते हैं। धांधली की शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। शिकायत की अनदेखी होने से निर्माण करवाने वाले ठेकेदार बेखौफ हो जाते हैं और निर्माण में जम कर घटिया सामग्री का प्रयोग करते हैं। यही नहीं, निगरानी और जांच के नाम पर भी प्रायः खानापूर्ति ही की जाती है।

चुनावी दौर में सरकारी महकमों में प्रत्येक विभाग की ओर से आवंटित बजट को खपाने के लिए नए निर्माण कार्यों को आनन-फानन में मंजूरी दी जाती है और चुनावी आचार संहिता लागू होने से पूर्व निर्माण कार्य संपन्न करवा कर वाहवाही लूटने की होड़ भी मचती है। ऐसे में गुणवत्ता की जांच को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

देश का शायद ही कोई इलाका ऐसा हो जहां किसी सार्वजनिक इमारत के निर्माण के कुछ ही दिनों बाद चारदिवारी गिरने, शौचालय की टाइलें टूट जाने, भवनों का प्लास्टर उखड़ जाने से लेकर जरा-सी बारिश में सड़क बह जाने, पुल या पुलिया के ढह जाने और सड़कों पर गड्ढे हो जाने की शिकायतें नहीं आती हों। ऐसा नहीं है कि इन घटनाओं की जानकारी संबंधित महकमों और अधिकारियों को नहीं दी जाती, लेकिन भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी व्यवस्था में इन घटनाओं को मामूली माना जाता है और कोई हादसा नहीं होने की सूरत में अधिकारी, इंजीनियर, ठेकेदार का यह गठजोड़ जनता के पैसे की खुलेआम लूट में लिप्त रहता है।

उसके इस रवैये की एक बड़ी वजह भ्रष्टाचार रोकने के इंतजामों की नाकामी और दुर्घटना की सूरत में दबाव में आई सरकारों की मुआवजा लुटाने की नीति होती है। अभी तक ज्यादातर सरकारें व्यवस्था के निकम्मेपन का शिकार हुए लोगों के परिजनों को जनता के पैसे से मुआवजा देकर खामोश करती आई है। इससे भ्रष्ट गठजोड़ को तोड़ना असंभव हुआ है।

हमारे देश में भ्रष्टाचार इतने गहरे पैठा हुआ है कि उसमें कोई सूराख कर पाना आसान नहीं है। सरकारी व्यवस्था में पसरे इस भ्रष्ट आचरण की बानगी ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल नामक संगठन की सालाना रिपोर्ट से मिलती है। पिछले साल नवंबर में जारी इस संगठन की रिपोर्ट में बताया गया था कि भ्रष्टाचार के मामले में भारत की स्थिति एशिया में सबसे खराब है। यहां घूसखोरी की दर उनतालीस फीसदी है।

## चिंतन

# पाप कैसे धुलेंगे कुम्भ की डुबकी से !

डॉ. श्रीगोपालनारसन

इसी माह से यानि मकरसंक्रांति से हरिद्वार के गंगातट पर हो रहे महाकुम्भ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। हांलाकि सरकार इस कुम्भ डुबकी को लेकर कोरोना के चलते संशय में है। भव्य कुम्भ के सरकारी स्तर पर दावे तो हो रहे है ,लेकिन व्यवस्था कही दिखाई नही देती।हो सकता है केंद्र से मिले कुम्भ बजट का हिसाब बराबर करने के लिए बार बार कुंभ को सफल बनाने के दावे किए जा रहे हो।जबकि सच यह है कि अभी तक न कोरोना गया है और न ही सरकार कुंभ पर लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की कोरोना गाइड लाइन के अनुरूप व्यवस्था करने में सक्षम दिखाई दे रही है।अलबत्ता कुम्भ में भीड़ के दावे हर बार की तरह ही इस बार भी पहले की ही तरह किये जायेंगे और एक ही दिन में करोडो लोगो को आस्था की डुबकी लगवा दी जाएगी। इस कुम्भ स्नान में साधु संत तो भाग लेंगे ही यह सुनिश्चित है।साथ ही नागा साधुओं की शोभायात्रा भी जरूर देखने को मिलेगी। कुंभ में देश विदेश से कितने लोग आएंगे यह तो अभी से कह पाना मुश्किल है।लेकिन जितने भी लोग इस कुम्भ में आ रहे है। वे अपने पाप तो कुम्भ में हरकी पौड़ी पर आस्था की डुबकी लगाकर धुल ही लेंगे। परन्तु उनके डुबकी लगाने से गंगा कितनी मैली होगी इसकी किसी को फिक्र नही है। लोगो के कुंभ में डुबकी लगाने से उनके शरीर का मैल और कीटाणु गंगा के जल को मैला और प्रदुशित करेंगे इससे इंकार नही किया जा सकता। इस प्रदुशित होने वाले गंगा जल को साफ करने के कोई वैज्ञानिक उपाय अपनाने पर भी कोई विचार नही किया जा रहा है। जिसकारण दूसरे लोगो को प्रदुषित जल में स्नान करने को विवश होना पडेगा।गंगा में स्वच्छ जल की कमी को पूरा करने के लिए निरन्तर गंगा की सफाई आवश्यक है।जिसकी शुद्धता के लिए अभी तक कोई ठोस उपाय नही किये गए है।



> राधाकृष्ण की महारास लीला से स्वर्ग में जन्मी मां गंगा भगीरथ की तपस्या से खुश होकर जनकल्याण के लिए बैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को स्वर्ग का सुख छोडकर भगवान शिव की जटाओं से होती हुई धरती पर आई थी, कहा जाता है कि मां गंगा के ही भरोसे भगवान शिव ने समुन्द्र मंथन से निकले विष का पान किया था। ताकि गंगा की शीतलता उन्हे विष के ताप से मुक्त कर सके।

जिससे कुम्भ में आकर स्नान करने और आचमन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं को निराशा ही होगी।त्रेता युग में अवतरित हुई गंगा से जनकल्याण तो होता ही है ,धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रद्धालु पाप मुक्त भी हो जाते है और उनके मन व शरीर दोनो निर्मल हो जाते है। राधाकृष्ण की महारास लीला से स्वर्ग में जन्मी मां गंगा भगीरथ की तपस्या से खुश होकर जनकल्याण के लिए बैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को स्वर्ग का सुख छोडकर भगवान शिव की जटाओं से होती हुई धरती पर आई थी, कहा जाता है कि मां गंगा के ही भरोसे भगवान शिव ने समुन्द्र मंथन से निकले विष का पान किया था। ताकि गंगा की शीतलता उन्हे विष के ताप से मुक्त कर सके। जिस गंगा ने भगवान शिव की जटाओ में आकर उन्हे शीतलता प्रदान की ,वही गंगा आम भक्तो के लिए भी मोक्षदायिनी बन गई है। तभी तो गंगा की गोद में डूबकी लगाते ही भक्त स्वयं को पाप मुक्त समझने लगता है। एक तरफ हम मां गंगा को महिमा मंडित करते है और मां गंगा की पवित्रता के लिए किसी भी ऐसे व्यक्ति को हरकी पौडी पर व गंगा आरती में प्रवेश नही करने देते जो हिन्दू न हो और हिन्दू परम्पराओं का आचरण न करता हो । वही हम लोग मां गंगा को प्रदुषित करने में भी पीछे नही है।अब तो गंगा के उदगम स्थल के बाद से ही सीवरेज का गंदा पानी, नालियों के पानी की निकासी ,मूर्तियां,धार्मिक कलेण्डर,हवन की राख और जले अधजले शवों को बहाकर हम मां गंगा को अपवित्र बना देते है। इन सबके प्रति आवाज उठाने के बजाए गंगा से उर्जा पैदा करने को लेकर राजनीति हो रही है।कुछ वर्ष पूर्व उत्तराखण्ड में राज्यपाल रहे अजीज कुरेशी को धर्म का हवाला देकर मां गंगा से दूर करने की कौशिश की गई थी। जिसे लेकर वे ही नही मां गंगा भी आहत हुई होगी। पौराणिक ग्रन्थों में कही भी ऐसा कोई उल्लेख नही है कि गंगा के जल का किसी भी रूप में किसी भी धर्म के व्यक्ति द्वारा उपयोग करने से गंगा की पवित्रता प्रभावित होती हो। इस लिए गंगा नदी पर प्रस्तावित केन्द्रिय एंव निजी उपक्रमों की विभिन्न परियोजनाओं से गंगा की पवित्रता कम होने का सवाल ही नही उठता। इसी तरह अगर कोई गैर हिन्दू श्रद्धाभाव से मां गंगा को प्रणाम करता है, मां गंगा केपावन जल से पवित्र होना चाहता है तो उसका स्वागत होना चाहिए, न कि उसे प्रतिबन्धो के तहत मां गंगा से दूर कर दिया जाए। बस जरूरत है तो इस बात की कि हम स्वंय गंगा में ऐसा कुछ न डाले जिससे गंगा प्रदुषित हो और दूसरो के लिए मोक्ष के बजाए कष्ट का कारण बन जाए। वैसे भी गंगा का अवतरण जनकल्याण के लिए ही हुआ है। तभी तो मां गंगा संकट मोचक मानी जाती है। गंगा जल का आचमन हमारी देह को ही नही, आत्मा को भी पवित्र करता है। यह गंगा जल की विषेशता ही है कि यह वर्षो तक रखा रहने पर भी कभी खराब नही होता। यही विशेषता आबे जम जम की भी है। हमे विचार करना होगा कि गंगोत्री से गंगा सागर तक के 2500 किमी लम्बे सफर में मां गंगा की हालत क्या से क्या हो गई।

# मकर संक्रांति



सुबह सुबह से उठकर बाबा।
नदी नहाने जाते है।।
हर हर गंगे जपते रहते।
डुबकी साथ लगाते है।।
दादी मम्मी ताई मिलकर।
लड्डू सभी बनाते है।।
तिल के लड्डू अच्छे लगते।
बैठ मजे से खाते है।।
दान दक्षिणा करते मिलकर।
मन्दिर में सब जाते हैं।।
फूल नारियल भोग लगाते।
घर प्रसाद को लाते हैं।।
सभी मनाते मकर संक्रांति।
पतंग साथ उड़ाते हैं।।
खुशियों का त्यौहार मनाते।
बच्चे गाना गाते हैं।।
नये नये सब खेल खिलौने।
दादा घर पर लाते हैं।।
मीठी मीठी तिल की लड्डू।
मिलजुल कर सब खाते हैं।।

**प्रिया देवांगन प्रियू**
**पंडरिया**

## पतंग सी है ज़िंदगी



हम इंसानों की जिह्वा तरंगी, चंचल और ज़िंदगी के हर रंग को जीने की चाह रखने वाली है, किसे पसंद नहीं रंग बिरंगी इन्द्रधनुषी रंग फिर वो चाहे पतंग के हो या ज़िंदगी के। महज़ हल्के कागज़ से बनी पतंग और प्रवाल सी ज़िंदगी में कितनी समानता है, जब पतंग उड़ान भरती छू रही होती है आसमान का सीना तब हर तरफ़ से वाह-वाही का शोर सुनाई देता है। और जब कट कर गिरती है औंधे मुँह धरती पर तब भी शोर सुनाई देता है, बेशक लूटने वालों का। वैसे की जब इंसान छू रहा होता है सफ़लता की बुलंदियों को तब हर कोई तारिफ़ों के पुल बाँधते वाह-वाही करते है। पर जैसे ही उसी इंसान का बुरा वक्त आता है गलतीयाँ गिनाने वालों का तांता लगता है सलाहों का शोर सुनाई देता है। पतंग का पूरा वजूद मजबूत धागे से जुड़ा होता है, जितना मजबूत धागा उतना कटने का डर कम होता है। वैसे ही हमारी नींव परिवार है, हमारे अपनें है। कितना भी ऊँचा उड़ ले, या उड़ते-उड़ते गिरे परिवार संग रहेगा तो हर संघर्ष का सामना बखूबी कर पाएंगे। उम्मीदों के धागे संग ख्वाहिशों की पतंग जोड़कर ज़िंदगी के हर रंग को जीने वाला इंसान मस्त मौला कहलाता है। हवा के खिलाफ़ बहना जो जानें उनके स्वप्न कभी क्षीण नहीं होंगे। संघर्ष के बादलों को तार-तार वही कर पाता है जो ऊँची उड़ान भरने का हौसला रखता है। पर ये मत भूलो की चाहे कितना भी ऊँची उड़ा लें अपनी ख्वाहिशों की पतंग उसकी डोर उस अनदेखी अन्जानी शक्ति के हाथ में है। कब कट जाए कोई नहीं जानता। ज़िंदगी हमारी चाहे कितनी भी रंगीन फ़िज़ाओं में क्यूँ न कटी हो जैसे पतंग का अंजाम कूड़े का ढ़ेर या इलेक्ट्रिक का खंभा या तार होता है, वैसे ही इंसान का अंजाम राख के ढ़ेर में बदलना है। संक्रांति के पर्व पर पतंग उड़ाते ज़रा सी तुलना करके देखेंगे तो मालूम होगा हमारी ज़िंदगी भी पतंग सी ही है। जब तक किस्मत और लकीरों की हवा साथ देगी हमें उड़ने से कोई नहीं रोक सकता। पर जैसे ही हवा का रुख़ मूड़ा पंचतत्व में विलीन होना तय है ख़ाक़ में तब्दील होते। बिता अवसर लौटकर नहीं आता, मन जीवन भर पछताएगा कि था वक्त जब हाथ में कुछ कर न सका। गलतियों से पेंच लड़ाकर बेवक्त ज़िंदगी की पतंग को बेरंग होते कभी कटने मत दो, जब तक उम्र का फ़लक साथ दे उड़ा लो अपने मन की इंद्रधनुषी पतंग ज़िंदगी के आसमान में रंगबिरंगी सपनों के साथ। पर अपने जीवन पतंग की डोर किसी औरों के हाथों मत सौंपे। खुद ही एक सिरा सकारात्मकता की ऊँगली की गिरह से बाँधकर रखिए जब चाहे ऊँची उड़ान भरिए, जब चाहे ढ़ील दें और जब चाहे पैच लड़ाईये ताकि कोई कमज़ोर धागा आपके हौसलों के मजबूत धागे को काटने की हिम्मत ना करें।

**(भावना ठाकर,बेंगुलूरु) प्तभावु**

## बदनसीब बचपन



वो बदनसीब बचपन बिलख रहा,
सुख -सुविधाओं को तड़प रहा।
बेबस सी क्यों है ये जिन्दगानी,
यह सोच-सोच सिसक रहा ।
देह की पीड़ा से निर्जीव पड़ा,
मजबूरी का बस शोक मचा ।
बेबसी और लाचारी पर ,
आज क्यों है हर कोई मूक खड़ा ।
ये नन्हें कोंपल झुलस रहे,
भावों को हैं तरस रहे ।
मजबूरी की इस पीड़ा में,
कितनी सदियों से सुलग रहे ।
बदनसीबी की इस खाई में ,
बदकिस्मती की परछाई में ।
घुट-घुट कर दम तोड़ रहा
बदनसीब बचपन इस रूसवाई में ।

**रश्मि वत्स**
**मेरठ (उत्तर प्रदेश)**

## युवा दिवस विशेषः विवेकानंद बनने के सूत्र

इस बार हम आपके लिए भारत के क्रांतिकारी युवा संत स्वामी विवेकानंद जी के कुछ विशेष जीवन पहलुओं को लेकर आए है। इनमें से अधिकतर मूल प्रतियाँ हैं, जो स्वामी जी के जीवन संघर्ष के विलक्षण पहलुओं को उजागर कर रही हैं। इन पहलुओं ने स्वामी विवेकानंद जी को आकार दिया; नरेन्द्र को विश्व-विजेता विवेकानंद बनाया।सबसे पहले उस प्रतिमा की बात करते हैं जिसमें स्वामी श्री रामकृष्ण परमहंस जी अपने शिष्यों के मध्य उपस्थित हैं। परमहंस जी भाव-समाधि की अवस्था में लीन दिखाई हो जाया करते थे। यह अवस्था उनकी ब्रह्म-निष्ठता की परिचायक है। केवल ठाकुर श्री रामकृष्ण परमहंस जी के समान सद्गुरु ही ऐसा सामर्थ्य रखते हैं, जो एक जिज्ञासु युवा नरेन्द्र को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक क्रांति के पुरोधा विवेकानंद में परिवर्तित कर दिखाते हैं। स्वामी विवेकानंद जी कहा करते थे- 'यदि मैंने कभी एक भी हितकारी वचन बोला या कर्म किया, तो उसके वास्तविक स्रोत मेरे ठाकुर, मेरे गुरुदेव ही हैं।' इसलिए विवेकानंद बनने की ओर पहला चरण है- 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत'- उठो! जागो!... और एक पूर्ण महापुरुष को गुरुदेव के रूप में प्राप्त करो!सन्? 1886 में ठाकुर के देहावसान के बाद स्वामी विवेकानंद व उनके गुरु-भाइयों के जीवन ने एक करवट ली। अत्यंत कठिन दौर उनके जीवन में आया। न उनके पास पेट भरने को पर्याप्त भोजन था, न तन को ठीक से ढकने को पर्याप्त वस्त्र और न ही सिर छुपाने के लिए किसी मकान की छत। सन्? 1887 में उन्होंने वराह नगर में स्थित एक उजाड़-वीरान खंडहर में रहने का फैसला किया, जिसे भूत-प्रेतों से ग्रस्त माना जाता था। अभाव की इस स्थिति में भी उनके पास कुछ अनमोल था। वह था, अपने गुरुदेव के ज्ञान को विश्व की कगार तक पहुँचाने का जज़्बा! यही कारण है कि इन शिष्यों ने उस भूतहा खंडहर में, विपरीत परिस्थितियों के बीच रहकर प्रचंड साधना और अध्ययन किया। स्वयं का बौद्धिक और आध्यात्मिक निर्माण कर ये सभी अपने ठाकुर के मिशन की नींव के पत्थर बन गए।अतः विवेकानंद बनने का दूसरा सूत्र है- संघर्ष और साधना!तीसरी प्रतिमा जो भेलूपुर, वाराणसी में स्थित दुर्गा मंदिर की है उसकी बात करते है। सन 1888 के आसपास यहाँ एक ऐसी घटना घटी, जिसने स्वामी विवेकानंद जी को जीवन का एक महत्त्वपूर्ण पाठ पढ़ाया। स्वामी जी मंदिर के परिसर में थे, जब उन्हें बंदरों के झुंड ने घेर लिया। भय के मारे स्वामी जी भागने लगे। वानर और अधिक उद्दंड हो गए व गुर्राते हुए स्वामी जी के पीछे पड़ गए। इतने में एक संन्यासी ने ऊँची आवाज़ में पुकारते हुए स्वामी जी को हिदायत दी 'अरे रुको! डरो नहीं! वानरों की आँखों में आँखें डाल कर स्थिर खड़े रहो। उनका सामना करो।' स्वामी जी ने हिदायत का पालन किया और पाया कि



वानर भाग खड़े हुए। अतः विवेकानंद बनने का तीसरा सूत्र है- हिम्मत! साहस! डटे रहने का जज़्बा!अब बात करते है की, जो कन्याकुमारी से 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसी चट्टान पर तीन दिवसों (25-27 दिसम्बर, 1892) तक स्वामी विवेकानंद जी ने गहन साधना की। फलस्वरूप उन्हें एक दिव्यानुभूति हुई, जिसमें उन्होंने अपने गुरुदेव श्री रामकृष्ण परमहंस जी को जल-सतह पर चलते व इशारे से उन्हें अपने पीछे बुलाते हुए देखा। इसी प्रेरणा के बाद स्वामी जी ने भारत से बाहर विदेश-यात्रा पर जाने का फैसला लिया और शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लिया। उनकी ये विदेश यात्राएँ सांस्कृतिक विजय-यात्राएँ थीं, जिनकी शुरुआत व संचालन एक पूर्ण गुरु की आज्ञा और आशीर्वाद से हुआ था।अतः विवेकानंद बनने का चौथा सूत्र है- एक पूर्ण गुरु की आज्ञाओं और उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आप यंत्र बन जाएँ। शिकागो में भारतीय-संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने के बाद स्वामी विवेकानंद जी अगस्त, 1894 में ग्रीन एकड़ पहुँचे। इसी मैदान में वे अपने इन अनुयायियों को आध्यात्मिक संदेश व मिशन को आगे बढ़ाने के निर्देश दिया करते थे। स्वामी विवेकानंद कहीं भी जाते थे, तो लोग उनके व्यक्तित्व कि दिव्यता से अभिभूत हो उठते थे। अतः विवेकानंद बनने का पाँचवा सूत्र है- सत्यानुसंधान और सतत साधना द्वारा अपने व्यक्तित्व में दिव्यता अर्जित करो। ऐसी कि आपका आचरण ही सत्संग बनकर मुखर हो उठे। जब विदेश दौरे के बाद स्वामी विवेकानंद जी 19 फरवरी, 1897 को भारत वापिस लौटे तब भारत वापसी पर कलकत्ता में स्वामी जी का भव्य स्वागत हुआ था। भारत माँ का एक अज्ञात पूत अब विश्व विजेता युवा संन्यासी की प्रसिद्धि पा चुका था। पर इस स्थल पर हज़ारों भारतवासियों के समक्ष उन्होंने जो कहा था, वह आँखों को नम कर देता है- 'पहले मैं भारत से प्यार करता था। पर अब विदेशों की यात्रा करने के बाद मैं अपने भारत की पूजा करूँगा।' अतः विवेकानंद बनने का छठा सूत्र- अपनी मातृभूमि और स्वजनों से प्रेम! जन-कल्याण और लोकसंग्रह हेतु समर्पण का भाव! आखरी प्रतिमा जो स्वामी जी के देह त्याग से पूर्व शिलाँग में खींचा गया था। इन दिनों विवेकानंद जी का स्वास्थ्य निरन्तर गिर रहा था। उनका शरीर काफी कमज़ोर हो गया था। पर मन में अभी भी वही स्फूर्ति व उत्साह था, जिसे वे अपने मिशन की शुरुआत में लेकर चले थे। कहते हैं, इन दिनों में भी स्वामी जी निरन्तर सेवा-कार्यों को देखते रहे। उनकी सक्रिय व उत्साही मुद्रा उत्साह जनक थी। अतः विवेकानंद बनने का सातवां सूत्र है- अथक... अनवरत... कर्मशीलता!

**गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी**
**(संस्थापक एवं संचालक,दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान)**

# श्रेया शर्मा ने म्यूजिक इंडस्ट्री में वंशवाद पर की बात

दूरबीन बैंड के साथ पॉप हिट गीत 'प्राडा' को आवाज देने वाली गायिका श्रेया शर्मा ने म्यूजिक इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को लेकर अपनी राय जाहिर की है। उनका कहना है कि जिन लोगों के पास कॉन्टैक्ट्स होते हैं, उन्हें यहां आसानी से काम मिल जाता है। श्रेया ने आईएएनएस को बताया, जिन लोगों के पास कॉन्टैक्ट्स होते हैं, उन्हें स्वाभाविक तौर पर अधिक मौके मिलते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी स्टार किड की मेहनत को अनदेखा कर दें। आखिरकार हर किसी को इंडस्ट्री में अपनी पहचान खुद बनानी पड़ती और अपने काम के दम पर टिके रहना पड़ता है। यह जरूरी है कि बाहर से इंडस्ट्री में आने वाले लोगों को अपना सही मार्गदर्शक मिले, जो उनकी काबिलियत पर ध्यान दे। श्रेया ने हाल ही में अपने गीत 'तेरा नशा' को रिलीज किया, जो कि एक रोमांटिक नंबर है।



उनकी अगली परियोजनाओं के बारे में पूवे जाने पर श्रेया ने कहा, एक सॉफ्ट रोमांटिक गाना है, जिस पर मैं अभी काम कर रही हूं और एक अप-टेम्पो सॉन्ग है। मैं मॉर्डन प्रोडक्शन के साथ लोकगीत में भी हाथ आजमाना चाहती हूं।

# मुझे मिला प्यार कड़ी मेहनत की प्रतिबद्धता की पुष्टि है : फरहान अख्तर

अभिनेता-फिल्म निमार्ता फरहान अख्तर अपने जन्मदिन पर मिले प्यार से अभिभूत हैं। उनका कहना है कि उन्हें मिला ये प्यार फिल्मों में कड़ी मेहनत करने की उनकी प्रतिबद्धता का नतीजा है। शनिवार को फरहान 47 साल के हो गए हैं और इस मौके पर उन्हें दोस्तों और प्रशंसकों ने ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। रविवार को फरहान ने ट्वीट किया, कल मेरे जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने के लिए आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद। इसने न केवल इस दिन को खास बनाया, बल्कि यह मेरी कड़ी मेहनत करने और आप सभी के लिए फिल्में लाने की मेरी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। आप सभी को बहुत सारा प्यार और आशा है कि 2021 बहुत अच्चा होगा।



काम को लेकर बात करें तो वह जल्द ही 'तूफान' में दिखाई देंगे। स्क्रीन पर बॉक्सर के रूप में नजर आ रहे उनके टीजर ने प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ा दी है।

निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा की 2013 में आई फिल्म 'भाग मिल्खा भाग' के हिट होने के बाद फरहान दूसरी बार स्पोर्ट्स पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी। फिल्म में परेश रावल, मृणाल ठाकुर और ईशा तलवार भी हैं।

# हुमा ने सोनाक्षी को कहा 'चोर'

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी और सोनाक्षी सिन्हा के बीच को सोशल मीडिया पर एक मीठी तकरार हुई। दरअसल, सोनाक्षी गोवा के एक रेस्तरां में अपने किसी दोस्त के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर कीं।



तस्वीर में सोनाक्षी के पिगटेल बन्स को देखते हुए हुमा ने उनके इस इंस्टाग्राम पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, क्या तुमने मेरी हेयरस्टाइल कॉपी की है..चोर।

इस पर सोनाक्षी ने जवाब देते हुए कहा, कॉपीराइट दिखाओ। अभिनेता गुलशन देवैया ने भी इसमें शामिल होते हुए कहा, वह तुम्हारी दीवानी हो गई है।

अभिनय की बात करें, तो सोनाक्षी फिलहाल अपनी अगली फिल्म 'भुज : द प्राइड ऑफ इंडिया' को लेकर काफी व्यस्त हैं। फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त, शरद केलकर, एम्मी विर्क, प्रणिता सुभाष और नोरा फतेही भी हैं। यह फिल्म सन् 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई जंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

# नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने शेयर की मौनी रॉय की ग्लैमरस तस्वीरें

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने मौनी रॉय की ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करने की बड़ी गलती की है। हालांकि बाद में उन्होंने इन फोटो को डिलीट कर दिया और सभी से माफी मांगी है। हालांकि सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर अक्सर इकोनामी, इन्वेस्टमेंट और मार्केट से जुड़ी पोस्ट शेयर किए जाते हैं। हालांकि रविवार को उन्होंने मौनी रॉय की तस्वीरें शेयर कर दी। इसके चलते सोशल मीडिया पर उनकी जमकर खिंचाई की गई।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के अकाउंट पर मौनी रॉय की ग्लैमरस फोटो देखकर फैंस ने उन्हें जमकर लताड़ लगाई है। हालांकि बाद में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इन फोटो को डिलीट कर दिया लेकिन तब तक कई लोगों ने स्क्रीनशॉट लेकर इसे वायरल करना शुरू कर दिया था। अपनी गलती को समझते हुए अधिकारियों ने बयान भी जारी किया है' फिर भी सोशल मीडिया पर उनका मजाक उड़ने लगा था।

# टाइगर श्रॉफ ने रिलीज किया अपने दूसरे गीत 'कैसनोवा' का ट्रेलर



अपने अभिनय और खासकर एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता टाइगर श्रॉफ कई नई चीजों में भी हाथ आजमा रहे हैं। टाइगर अब तक अपने डांस स्किल से तो दर्शकों को रूबरू करा ही चुके हैं और अब उन्होंने एक गायक के तौर पर भी खुद को साबित कर दिखाया है। टाइगर ने अपने पहले सिंगल 'अनबिलिवेबल' के बाद अपने दूसरे गीत 'कैसनोवा' को लेकर आए हैं, जिसके ट्रेलर को उन्होंने रिलीज कर दिया है। इस शानदार ट्रेलर को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि एक्शन सुपरस्टार से टाइगर अब एक रॉकस्टार बनते जा रहे हैं।

'कैसनोवा' एक अपबीट सॉन्ग है, जो कि बहुत ही आकर्षक है। इसकी धुन कुव ऐसी है कि खुद को इस पर थिरकने से रोके रखना श्रोताओं को थोड़ा मुश्किल लग सकता है।

इसे जारी करते हुए टाइगर ने पोस्ट किया, 'आई वॉज ए कैसनोवा बी4 आई सॉ यू गर्ल।' वैसे वाकई में ऐसा नहीं है, लेकिन यह मेरे दूसरे सिंगल का एक वोटा सा प्रीव्यू है। उम्मीद करता हूं कि यह आप सबको पसंद आएगी। 13 जनवरी को एक्सक्लूसिवली फुल सॉन्ग को मेरे यूट्यूब चैनल पर जारी किया जाएगा।

वीडियो में टाइगर एक ब्लैक एंड वाइट ओपन कोट और उसी रंग की टोपी और पैंट के साथ नजर आ रहे हैं और इसमें उनके डांस पार्टनर के साथ उनकी केमिस्ट्री भी गजब की लग रही है।

इसके प्रोड्यूसर खुद टाइगर ही हैं। निर्देशक पुनीत मल्होत्रा ने किया है, डीओपी संथा है। वहीं, क्युकी और टाइगर द्वारा निर्मित इस गाने का कम्पोजीशन अवितेश ने किया है, म्यूजिक प्रोडक्शन ट्रैक्फॉर्मांज ने किया है और कोरियोग्राफी परेश द्वारा की गई है।

# तांडव में समर प्रताप सिंह का किरदार आकर्षक : सैफ

राजनीतिक पृष्ठभूमि पर आधारित अमेजन प्राइम वीडियो के आगामी सीरीज तांडव को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। अली अब्बास जफर निर्देशित इस सीरीज में राजनीति के क्षेत्र के कुव अनवुए पहलुओं से लोगों को रूबरू कराया जाएगा। सीरीज में सैफ अली खान समर प्रताप सिंह के किरदार में नजर आने वाले हैं।



अपने किरदार के बारे में बात करते हुए सैफ ने बताया, तांडव में मेरा किरदार उस राजनेता के बारे में हैं, जो काफी शक्तिशाली और खतरनाक है। मैं इस किरदार की तरफ इसलिए आकर्षित हुआ, क्योंकि इसमें एक रहस्य है, वह क्या सोच रहा है इसके बारे में बता पाना मुश्किल है। दिखने में वह काफी सहज और भरोसेमंद लगता है, लेकिन किसी भी हद तक जाने की काबिलियत भी रखता है। मुझे किरदार की यही सारी खूबियां भा गईं। सैफ ने आगे कहा, मुझे इस तरह के किरदार काफी दिलचस्प लगते हैं। ऐसे किरदार मुझे अपनी ओर आकर्षित करते हैं। एक साधारण किरदार की तुलना में इस तरह के किरदारों को निभाने में मुझे अधिक मजा आता है और इसीलिए मैंने इसे करने के लिए हांमी भरी है।

नौ एपिसोड का यह राजनीतिक ड्रामा गौरव सोलंकी द्वारा लिखित है, जिसमें सैफ के अलावा डिंपल कपाड़िया, सुनील ग्रोवर, तिग्मांशु धूलिया, डीनो मोरिया, कुमुद मिश्रा, गौहर खान, अमायरा दस्तूर, मोहम्मद जीशान अयूब, कृतिका कामरा, सारा जेन डायस, संध्या मृदुल, अनूप सोनी, हितेन तेजवानी, परेश पाहुजा और शोनाली नागरानी सहित अन्य कई अन्य कलाकार शामिल हैं।भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम सदस्य 15 जनवरी, 2021 से तांडव के सभी एपिसोड्स का लुफ्त उठा पाएंगे।

## 'तानाजी: द अनसंग वॉरियर' के 1 वर्ष पूरे

फिल्म 'आदिपुरुष' का निर्देशन करने वाले निर्देशक ओम राउत ने अपनी पिवली फिल्म 'तानाजी: द अनसंग वॉरियर' के 1 वर्ष पूरे होने पर सभी का धन्यवाद दिया हैं ओम राउत इसके पहले मराठी फिल्मों और ऐड का निर्माण कर चुके हैं इसके अलावा उन्होंने 2020 में बॉलीवुड की बड़ी हिट फिल्म 'तानाजी: द अनसंग वॉरियर' दी थी। इस फिल्म में अजय देवगन, काजोल और सैफ अली खान की अहम भूमिका थी। यह फिल्म पिवले वर्ष जनवरी में रिलीज हुई थी।

फिल्म के बारे में एक इंटरव्यू में ओम राउत ने कहा, 'मुझे विश्वास नहीं होता कि 1 वर्ष तानाजी: द अनसंग वॉरियर को हो गये है। यह यात्रा मैंने और मेरी टीम ने साथ पूरी की है। मुझे याद है जब मैंने यह फिल्म अजय देवगन को सुनाई थी तो उन्होंने झट से हां कह दिया थी इतना ही नहीं, उन्होंने इस फिल्म का निर्माण करने की भी बात कही थी। उनके फिल्म करने की बात सुनकर मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया था। तानाजी मालुसरे एक गुमनाम योद्धा से अब एक लोकप्रिय योद्धा बन गए ह। यह मात्र अजय देवगन के मुझपर दिखाए विश्वास के कारण हो पाया। उन्होंने मेरी फिल्म में विश्वास जताया इसके अलावा उन्होंने फिल्म के निर्माण में भी काफी सहायता की। मुझे याद है फिल्म रिलीज होने के बाद कई लोगों ने मैसेज और फोन किए थी तब हम नहीं जानते थे कि यह फिल्म इतनी बड़ी होगी। अब मेरा यही प्रार्थना है कि जल्द से जल्द सिनेमा हॉल खुले ताकि हम दर्शकों के लिए और अच्छी फिल्में बनाए।

# ईशा देओल का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक



बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल साइबर फ्रॉड की शिकार हो गई हैं। बीते एक महीने से कई बी-टाउन सेलिब्रिटी इसके शिकार हुए हैं। ईशा ने रविवार को ट्वीट करके अपने इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने की जानकारी दी। अभिनेत्री ने रविवार की सुबह अपने सत्यापित खाते से ट्वीट किया, आज सुबह मेरा आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट आईएमईशादेओल हैक हो गया है, इसलिए यदि आपको मेरे इंस्टाग्राम अकाउंट से कोई संदेश मिले तो उसका जवाब न दें। असुविधा के लिए क्षमा करें।

साइबर फ्रॉड का निशाना बनने वाली ईशा देओल बॉलीवुड की नई सेलिब्रिटी हैं। पिवले हफ्ते, अभिनेता रितेश देशमुख ने बताया था कि कैसे उनके इंस्टाग्राम अकाउंट को भी निशाना बनाया गया था, लेकिन वह बच गए।

अभिनेता ने ट्वीट किया था, सभी इंस्टाग्राम यूजर नए साइबर फ्रॉड से सावधान रहें। मुझे एक ऐसा ही डायरेक्ट मैसेज मिला है लेकिन सौभाग्य से मैंने लिंक पर क्लिक नहीं किया।। उन्होंने हैकर द्वारा भेजा गया मैसेज भी शेयर किया था।

साइबर फ्रॉड का शिकार होने वालों में फिल्मकार आनंद एल राय, अभिनेता विक्रांत मैसी और उर्मिला मातोंडकर, कोरियोग्राफर-निर्देशक फराह खान, गायिका आशा भोसले और अंकित तिवारी शामिल हैं।

# विश्व हिंदी दिवस पर अमिताभ बच्चन ने दी बधाई, कही ये बात



फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने रविवार को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देशवासियों और अपने फैंस को दी है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर राष्ट्रभाषा और अपनी मातृभाषा को यादकर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं' इस अवसर पर उन्होंने तीन फोटो शेयर किए हैं'

इनमें से एक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का लोकप्रिय कोट भी लिखा हुआ है, 'राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है'' जबकि अन्य दो तस्वीरें में अमिताभ बच्चन अपने फैंस से घिरे हुए नजर आ रहे हैं और हिंदी दिवस की बधाई दे रहे हैं' उन्होंने इन फोटो के साथ ट्वीट भी किया है, 'विश्व हिंदी दिवस की अनेक अनेक शुभकामनाएं'' साथ ही उन्होंने तिरंगा का इमोजी भी लगाया हुआ है' विश्व हिंदी दिवस हर वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है और इस अवसर पर हिंदी भाषा को विश्व स्तर पर प्रचार करने का प्रयास किया जाता है' अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के अभिनेता हैं और वह कई सफल फिल्मों में काम कर चुके हैं' वर्तमान में वह कौन बनेगा करोड़पति शो होस्ट कर रहे हैं' इसके अलावा वह रणवीर कपूर और आलिया भट्ट की आगामी फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगे' इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# प्रियंका चोपड़ा ने पूरी की आगामी हॉलीवुड फिल्म टेक्स्ट फॉर यू की शूटिंग



पिवले महीने प्रियंका चोपड़ा ने बताया था कि कोरोना वायरस संबंधी महामारी के बीच होने वाली शूटिंग में रोजाना उनकी और फिल्म निर्माण टीम की कोविड-19 जांच होती है और भौतिक दूरी का अनुपालन किया जाता है।

अभिनेता प्रियंका चोपड़ा ने लंदन में अपनी आगामी हॉलीवुड फिल्म टेक्स्ट फॉर यू की शूटिंग पूरी कर ली है। जिम स्ट्रॉस निर्देशित यह रोमांटिक फिल्म वर्ष 2016 में जर्मन में आई सुपरहिट फिल्म एसएमएस फर डिच से प्रभावित है जो सोफी क्रामर की इसी नाम से आए उपन्यास पर आधारित थी। प्रियंका चोपड़ा (38) ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए शूटिंग के समाप्त होने की जानकारी दी। इस तस्वीर में वह फिल्म की पटकथा की प्रति लिए हुए दिख रही हैं। उन्होंने लिखा, समापन हो गया। पूरी टीम को बधाई और धन्यवाद। आपको फिल्म में देखेंगे। पिवले महीने प्रियंका चोपड़ा ने बताया था कि कोरोना वायरस संबंधी महामारी के बीच होने वाली शूटिंग में रोजाना उनकी और फिल्म निर्माण टीम की कोविड-19 जांच होती है और भौतिक दूरी का अनुपालन किया जाता है। उल्लेखनीय है कि प्रियंका इस समय अपनी फिल्म द व्हाइट टाइगर के रिलीज होने की तैयारी कर रही हैं जिसका निर्देशन रमीन बहरानी ने किया है और यह फिल्म अरविंद अडिगा की इसी नाम से प्रकाशित उपन्यास पर आधारित है। इस फिल्म का 22 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होना है।

# इस फिल्म में साथ दिखेंगे ऋतिक रोशन और दीपिका



बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन, अभिनेत्री दीपिका पादुकोण और निर्देशक सिद्धार्थ आनंद तीनों फिल्म फाइटर में साथ काम करने जा रहे हैं। रविवार को अभिनेता के जन्मदिन पर इसका ऐलान कर दिया गया। ऋतिक ने सोशल मीडिया पर मोशन पोस्टर के साथ फाइटर की घोषणा की है और साथ ही सिद्धार्थ आनंद के प्रोडक्शन हाउस मार्फलिक्स और दीपिका के लिए एक प्यारा सा नोट भी लिखा है।

वह लिखते हैं, हैशटैगफाइटर के रूप में मार्फलिक्स के विजन की झलक पेश है। दीपिका पादुकोण के साथ अपनी पहली फ्लाइट का इंतजार है। खुशियों से लबरेज सिद्धार्थ की इस राइड के लिए सभी ने बकल बांध लिया है।

निर्देशक सिद्धार्थ के लिए ऋतिक आगे लिखते हैं, मार्फलिक्स के लिए ममता और सिड आनंद के पहले प्रोडक्शन फाइटर का हिस्सा बनना और इसके माध्यम से पेश किया जाना एक अभिनेता के तौर पर मेरे लिए सम्मान की बात है। यह बहुत स्पेशल है क्योंकि इससे एक निर्देशक व दोस्त के साथ मेरा रिश्ता और भी गहराता जा रहा है, जिसके सफर को सेट पर असिस्टेंट डायरेक्टर बनने से लेकर बैंग बैंग और वॉर में मुझे निर्देशित किए जाने तक काफी करीब से देखा है। अब जब वह फाइटर के लिए एक निमार्ता के रूप में काम करने जा रहे हैं, तो मेरे लिए अपनी रोमांचकता को काबू में रख पाना थोड़ा मुश्किल हो गया है। दिल और दिमाग में बन गए, तो मेरी उत्सुकता की कोई सीमा नहीं है। मेरा दिल और दिमाग दोनों खुश है। मुझ पर विश्वास करने और मुझे फिर से अपना हमसफर बनाने के लिए तुम्हारा शुक्रिया सिड।

## न्यूज. ब्रीफ

### इंडोनेशिया में भूस्खलन से 11 लोगों की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया में भारी बारिश के कारण भूस्खलनों की दो अलग अलग घटनाओं में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इंडोनेशिया के नेशनल डिजास्टर मिटिगेशन एजेंसी के प्रवक्ता रादित्य जाती ने बताया कि पश्चिम जावा प्रांत के समडांग जिले के सिहानजुआंग गाव में भूस्खलन की दूसरी घटना उस वक्त हुई जब राहत एवं बचाव दल के लोग शनिवार को हुए हादसे में लोगों को बचाने का काम कर रहे थे। प्रवक्ता ने बताया कि मरने वालों में बचाव दल के लोग भी शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि दोनों हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए।

### अमेरिका संसद भवन में शामिल सांसद ने दिया इस्तीफा

वाशिंगटन। अमेरिका में संसद भवन में हुई हिंसा में शामिल पश्चिमी वर्जीनिया के सांसद डेरिक इवांस ने इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले अमेरिका के कोलंबिया जिला की अदालत ने संसद भवन में हुई हिस्सा के लिए इवांस सहित तीन लोगों को आरोपित किया था। इवांस ने राज्य के गवर्नर जिम जस्टिस को लिखे पत्र में कहा कि मैं तत्काल प्रभाव से सदन की सदस्या से इस्तीफा दे रहा हूं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हजारों समर्थकों ने पिछले दिनों बुधवार को कैपिटल हिल इमारत पर धावा बोल दिया था और जमकर उत्पात मचाया था। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई थी।

### 'चांग ई-4' ने चंद्रमा के मिशन पर शुरू किया काम

बीजिंग। कोरोना काल में भी अंतरिक्ष मिशन दस्तूर जारी है। इसी कड़ी में चीन के चांग ई- 4 अभियान के लैंडर और रोवर ने चंद्रमा पर 26वें चंद्र दिवस पर काम फिर शुरू कर दिया है। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी है। चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव- एटकेन बेसिन स्थित वॉन करमान क्रेटर पर पिछले साल तीन जनवरी को पहली बार चंद्रमा पर सॉफ्ट-लैंडिंग करने वाले चांग ई-4 अभियान ने चंद्रमा की सतह पर पृथ्वी के 736 दिन के बराबर अवधि पूरी कर ली है। एक चंद्र दिवस पृथ्वी के करीब 14 दिन के बराबर होता है और चंद्र रात्रि भी इतनी ही अवधि की होती है। चंद्रमा की यह सुदूर सतह वह गोलार्द्ध है जो चंद्रमा के परिभ्रमण के कारण कभी पृथ्वी के सामने नहीं आती। इसे कई बार लोग जानकारी के अभाव में 'चंद्रमा का अंधेरा भाग' भी कह देते हैं, जबकि यहां अंधेरा कभी नहीं रहता।

### वैक्सीन जल्दी पाने पानी की तरह पैसा बहा रहा इजरायल

लंदन। कोरोना टीकाकरण की दौड़ में इजराइल इस समय सबसे आगे चल रहा है। इजरायल ने 20 दिन में अपनी आबादी के पांचवें हिस्से को टीका लगा दिया है। वहां लगभग 18 लाख लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। वैक्सीन की ज्यादा डोज और जल्दी सप्लाई के लिए इजराइल ने ब्रिटेन की तुलना में 50 फीसदी ज्यादा कीमत चुकाई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू ने वैक्सीन बनाने वाली फाइजर कंपनी के सीईओ अल्बर्ट बोर्ला को कुछ ही दिन के अंदर 17 बार फोन किया, ताकि वैक्सीन की ज्यादा डोज उन्हें जल्द से जल्द मिल सके। इजराइल के एक विपक्षी नेता ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू ने अपनी गिरती लोकप्रियता और राजनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए वैक्सीन के लिए ज्यादा कीमत दी। फाइजर की जिस वैक्सीन के लिए ब्रिटेन ने 30 यूरो (करीब 2700 रु.) प्रति डोज दिए उसी के लिए इजराइल ने 45 यूरो (करीब 4000 रु.) चुकाए हैं। यानी वैक्सीन जल्दी पाने के लिए 50 फीसदी ज्यादा कीमत। फाइजर प्रवक्ता ने कहा- वैक्सीन की कीमत, मात्रा और पहले किए गए वादे पर आधारित है।

|पक्षियों की मौत के बाद बंद किया कानपुर का चिड़ियाघर, लगाया नोटिस|

# देश में बर्ड फ्लू का कहर तेज, पुष्टि के बाद 7वां राज्य बना उत्तर प्रदेश

नई दिल्ली■ब्यूरो

कोरोना महामारी से अभी पूरी मुक्ति भी नहीं मिली कि अब देश बड़े पैमाने पर बर्ड फ्लू के कहर से डरा हुआ है। उत्तर प्रदेश इस बीमारी के प्रकोप की पुष्टि करने वाला सातवां राज्य बन गया। दरअसल, कानपुर चिड़ियाघर को बर्ड फ्लू वायरस मिलने के बाद सील कर दिया गया है। चार पक्षियों की मौत की जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। कानपुर कमिश्नर राजशेखर के आदेश पर चिड़ियाघर के आस-पास के इलाके को रेड जोन घोषित किया गया है।




उधर जू के अंदर बीमार पक्षियों को अलग रखकर उनका खास ख्याल रखा जा रहा है। दो दिन पहले कानपुर चिड़ियाघर में चार पक्षियों की मौत हो गई थी। मृत पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण पाए गए थे। जू प्रशासन ने पक्षियों को पोस्टमॉर्टम के लिए भोपाल रिसर्च सेंटर भेजा था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चारों पक्षियों की मौत बर्ड फ्लू से हुई है। जू प्रशासन के साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। बाड़ों में 935 पक्षियों को रखा गया है। इसमें लगभग सभी प्रकार के पक्षी शामिल हैं। अचानक पक्षियों की मौत के बाद जू प्रशासन ने सर्तकता दिखाते हुए जानवरों के लिए बाहर से आने वाले चिकन पर पाबंदी लगा दी है। प्रशासन के साथ इलाके के निवासी भी अलर्ट हो गए हैं। दोनों पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और हरियाणा के एवियन इन्फ्लूएंजा से पीड़ित होने के कारण, दिल्ली पहले से ही वीक जोन में है। लगातार कई दिनों तक दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर मरने वाले कौवों की संख्या में वृद्धि हुई है। ऐसे में दिल्ली सरकार ने बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए तैयारियां भी तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बताया कि गाजीपुर पॉल्ट्री फॉर्म 10 दिन के लिए बंद कर दिया गया है। जबकि जिंदा पक्षियों के आयात पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। दिल्ली के हर जिले में निगरानी के लिए सर्विलांस टीम बना दी गई है। पशुओं के डॉक्टर लगातार सर्वे कर रहे हैं। संजय झील, भलस्वा झील और पॉल्ट्री मार्केट की निगरानी हो रही है। बता दें कि मरे हुए पक्षियों की जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 23890318 भी जारी कर दिया गया है। बता दें कि केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, गुजरात पहले से ही बर्डफ्लू की चपेट में हैं हिमाचल प्रदेश के पोंग इलाके में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद हड़कंप है। यहां हर साल प्रवासी पक्षी आते हैं।

बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद यहां 3500 प्रवासी पक्षियों को मार दिया गया है। इसके अलावा राजस्थान के 11 जिले बर्ड फ्लू की चपेट में हैं। इनमें सवाई माधोपुर, पाली, दौसा और जैसलमेर भी शामिल हैं। सवाई माधोपुर में मरे कौओं में बर्ड फ्लू का एच 5 स्ट्रेन मिला है। बर्ड फ्लू के अधिकांश स्ट्रेन मनुष्यों को प्रभावित नहीं करते हैं। हालांकि, बीमारी संक्रमित के पक्षी मल, नाक, मुंह के जरिए फैल सकती है। केंद्र ने सभी राज्यों को सतर्क रहने और मनुष्यों तक बीमारी की पहुंच की संभावना से बचने के लिए कहा है। कहा जा रहा है कि एक बार पूरी तरह से पकने के बाद मुर्गी या पोल्ट्री डिश खाना भी सुरक्षित है।



## संतोष चौहान के प्रयास से अपना घर आश्रम पहुंचे घायल बेसहारा वृद्ध

लहार(अर्पित गुप्ता)

प्रशासन की अनदेखी के कारण कष्टदायक हालात में भटकते बेसहारा अज्ञात वृद्ध की मदद के लिए मसीहा बनकर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता संतोष चौहान ने पुरजोर प्रयास किया तो आखिरकार उनको अपना घर आश्रम का ठिकाना मिल गया कुछ दिनों पूर्व दबोह थाना अंतर्गत देवरी तिराहे पर रोड किनारे घायल अवस्था में इन अज्ञात व्यक्ति के 20 दिन से खुले आसमान के नीचे फटे वस्त्रों में लावारिस हालत में लेटे होने की जानकारी संतोष चौहान को मिली थी मौके पर पहुंचकर संतोष चौहान ने डायल हंड्रेड की मदद से इन वृद्ध व्यक्ति को दबोह चिकित्सालय भिजवाया था लेकिन चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर द्वारा इनकी अनदेखी की गई और इनका उपचार नहीं किया गया 2 दिन तक यह लावारिस हालत में खुले आसमान के नीचे हॉस्पिटल के बाहर ही लेटे रहे पुनः जब संतोष चौहान को जानकारी लगी तो संतोष चौहान द्वारा इनके संबंध में एसडीएम महोदय को जानकारी दी गई एसडीएम महोदय के निर्देशानुसार दबोह हॉस्पिटल में पदस्थ डॉक्टर द्वारा इनको भिंड जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया यहां इनको उपचार सुविधा तो मिली लेकिन घायल अवस्था में ही 2 दिन बाद डिस्चार्ज कार्ड थमा कर बाहर कर दिया गया हॉस्पिटल में इनकी देखरेख कर रहे संतोष चौहान के गौ रक्षा संगठन के नगर अध्यक्ष रामपाल सिकरवार एवं पारथ सिकरवार (खेरौली) द्वारा संतोष चौहान को इनके डिस्चार्ज होने के संबंध में अवगत कराया गया जानकारी मिलने पर संतोष चौहान जिला अस्पताल भिंड पहुंचे और डॉ अजीत मिश्रा भिंड संपर्क कर उनको फिर एडमिट कराया इनके सुविधाजनक तरीके से रहने खाने पीने की व्यवस्था के लिए संतोष चौहान द्वारा सक्रिय प्रयास किया गया संभाग स्तर पर बेसहारा असहाय लोगों को रखने वाले आश्रमों की जानकारी जुटाई गई अजय शर्मा (अजनार) द्वारा डबरा में स्थित अपना घर आश्रम के बारे में जानकारी दी गई अजय शर्मा द्वारा आश्रम के संचालक मनीष पांडे को वृद्ध बेसहारा व्यक्ति के बारे में जानकारी से अवगत कराया गया तो आश्रम संचालक आश्रम में रखने के लिए तैयार हो गए और अपनी आश्रम की गाड़ी भिंड जिला अस्पताल भेजी अस्पताल प्रबंधन ने विधिवत रूप से डिस्चार्ज और सुपुर्दगी नामा बनाकर उक्त वृद्ध व्यक्ति को (अपना घर) आश्रम भेजा।

## शादी शुदा महिला को बच्चे के साथ युवक भगा ले गया



दबोह(अर्पित गुप्ता)। कस्वा दबोह में सन्तोष केबट निवासी वार्ड नम्बर 10 पट्टीदार मोहल्ला 2 जनवरी 2021 को एक विवाहित महिला को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया।जानकारी के अनुसार महिला का नाम मन्जेसी बघेल पत्नी मेघ सिंह बघेल निवासी ग्राम भेटा थाना रावतपुरा जिला भिंड मन्जेसी की उम्र लगभग 35 बर्ष रंग गोरा लम्बाई 5 फुट 2 इंच है जिसके साथ 3 साल का बच्चा मनोज भी है।2 जनवरी के दिन मजेसी अपने खेत पर गयी थी इसी दौरान 2 जनवरी दिन शनिवार को शाम 4 बजे सन्तोष केबट भगा ले गया।जानकारी के अनुसार सन्तोष केबट भी विवाहित है जिसकी लगभग 5 साल की बेटी भी है शादी के कुछ साल बाद सन्तोष केबट की पत्नी ने सन्तोष का साथ छोड़ दिया था।वहीं बताया जाता है शन्तोष केबट और मन्जेसी बघेल के बीच भाई बहिन का रिश्ता था और रक्षाबंधन के दिन राखी वंधवाने आता था लेकिन इस पवित्र रिश्ते के पीछे षड्यंत्र की गहरी चाल थी इसकी जानकारी मेघ सिंह बघेल को तब पता जब शन्तोष केबट मन्जेसी को बहला फुसलाकर भगा ले गया।इस सबन्ध में मन्जेसी बघेल के पति मेघ सिंह ने बताया कि मेरी पत्नी के साथ कभी कोई झगड़ा नही हुआ हम दोनो के बीच बहुत ही मधुर सबन्ध थे लेकिन सन्तोष केबट ने मन्जेसी के साथ भाई बनकर दगा किया है मेरी पत्नी के साथ कभी भी कोई हादसा हो सकता है ऐसे में भिंड जिला पुलिस अधीक्षक से मेरी मांग है सन्तोष केबट को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाये।हालांकि रावतपुरा थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है लेकिन सात दिन बीत जाने के बाद भी रावतपुरा थाना पुलिस सन्तोष केबट का कोई सुराग नही लगा पाई है।

### इनका कहना

महिला बालिक है सन्तोष केवट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है तलाश जारी है।

**अरविंद यादव, थाना प्रभारी रावतपुरा**

# फूल नहीं फौलाद बनो-थाना प्रभारी

दबोह( अर्पित गुप्ता)

नगर दबोह में पुलिस थाना पर थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे एवं भारौली थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे द्वारा मध्यप्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सम्बोधन का लाईव प्रसारण कर बेटियों को दिखाया गया।मुख्यमंत्री जी ने भोपाल से लाईव होकर मध्यप्रदेश के सभी थानो एवं जिम्मेदार प्रशासन को जिम्मेदारी देकर प्रदेश की बेटियों के जीवन एवं सुरक्षा के बारे में बताया एवं मुख्यमंत्री जी ने अंत मे बताया यात्रा के दौरान महिलाओं और बच्चियों से छेड़छाड़ की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए यात्री वाहनों में पैनिक बटन लगाने का प्रस्ताव लाया गया है पैनिक बटन आपात स्थिति में यात्रियों के काम आएगा।वाहन में छेड़छाड़, अभद्रता या दुर्घटना की स्थिति में कोई भी यात्री पैनिक बटन दबाता है,तो राज्य स्तर पर



बनाए जा रहे कंट्रोल रूम और पुलिस हेल्पलाइन पर अलार्म बज जाएगा।पुलिस जीपीएस की मदद से वाहन की लोकेशन ट्रेस करेगी और नजदीकी पुलिस सहायता के लिए मौके पर पहुंच जाएगी। वहीं थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे ने बेटियों के हौसले को बुलंद करते हुए कहा कि मैं आप सभी का बड़ा भाई हूँ आप सभी मेरी छोटी बहन है हमारा कर्तव्य है आप सभी की सुरक्षा करना इसलिए असमाजिक तत्वों से डरने की जरूरत नही है।किसी भी प्रकार की जरूरत पड़े 100 डायल करे या मेरे नम्बर पर कॉल करे साथ ही उन्होंने कहा कि हमे फूल नही फौलाद बनने की जरूरत है तो वहीं मौजूद भारौली थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे ने कहा कि आप सभी की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है इसलिए आप पुलिस को निश्चिंत होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराते रहिये।यहां बता दें कि बाल्मीकि चौबे नगर में बेटियों के साथ हुआ अपरहण की जानकारी के केश में दबोह थाना पहुंचे थे।इस कार्यक्रम के दौरान दबोह थाने का समस्त स्टाफ,पत्रकार बन्धु व नगर की बेटियां मौजूद रहीं।

# 15 वें अंर्तराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट महाकुंभ में कानपुर ने इंदौर को 26 रन से हराया

### कानपुर से राहुल चोपड़ा रहे मैच ऑफ द मैच, पूर्व विधायक फूल सिंह बरैया व डॉ.अमित प्रताप सिंह रहे मौजूद

दबोह( अर्पित गुप्ता)। लहार विधायक डॉ गोविन्द सिंह के पिता स्वर्गीय मथुरा सिंह फाउंडेसन समिति दबोह के तत्वाधान में 15 वाँ अंतराज्यीय क्रिकेट टूनामेंट का महाकुंभ 11 जनबरी से 17 जनबरी तक दबोह के शासकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर खेला जा रहा है।कार्यक्रम में शुभारंभ के पहले दिन मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक फूल सिंह बरैया मौजूद रहे तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता इफको के मप्र छग डायरेक्टर डॉ.अमित प्रताप सिंह ने की।कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों के द्वारा सर्व प्रथम लहार विधायक के पिता स्व मथुरा सिंह के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष रमाशंकर चौधरी एबं सचिव चौधरी हाकिम सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय कराया तदोपरांत पूर्व विधायक फूल सिंह बरैया ने मंच पर सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि मथुरा सिंह फाउंडेशन समिति के द्वारा इस छोटे से नगर में एक अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करके नगरीय युवाओं में क्रिकेट को बढ़ावा दिया जा रहा है यह समिति बाकई में बधाई के पात्र है।उन्होंने कहा कि आज इस आयोजन का उद्घाटन हुआ है और यह पूरे सात दिन तक चलेगा जिसमे हार-जीत,मैन ऑफ दी,मैच मैन सीरीज,सेमिफाइनल एवं फाइनल बहुत कुछ होना बाकी है परंतु आज पहले दिन ही दबोह के ग्राउंड में इतनी संख्या में दर्शकों का होना यह दर्शाता है कि जनता को भी आपके द्वारा कराया जा रहा यह खेल बहुत पसंद है।इस खेल से नगर के नए-नए युवा जो आये दिन लड़ाई झगड़े की ओर भाग रहे हैं वह ऐसी झगड़ालू मानसिकता छोड़कर आपस मे भाई चारे की ओर बढ़ेगे क्योंकि यह खेल आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देता है।वहीं फूल सिंह बरैया ने कहा कि जिस प्रकार से यह खेल लगातार चौदह बर्ष से यहा खेला जा रहा यदि इसी प्रकार निरंतर चलता रहा तो आगे चलकर भविष्य में नगर को स्टेडियम भी प्राप्त हो जाएगा।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में पधारे इफको डायरेक्टर डॉ.अमित प्रताप सिंह ने कहा कि क्रिकेट का खेल देखने मे जितना मजा आता




है उससे कई गुना ज्यादा मजा व लाभ उसे खेलने से मिलता है।क्रिकेट के मैदान पर आपको शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से कार्य करना पड़ता है जिससे आपकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं और आपका संतुलन,गति और स्फूर्ति तीनो बढ़ती है।यह एक ऐसा खेल है जिसको खेलने से आपको अपने शारिरिक स्वास्थ्य को लेकर कोई चिंता करने की जरूरत नहीं होती है आपका स्वास्थ्य स्वयं ही अपने आप सही रहता है वही अपने शरीर को फिट रखने आपको कुछ भी करने की आवश्यकता नही रहती है यह खेल शारीरिक मामले में आपके शरीर के लगभग सभी अंगों के लिए लाभदायक रहता है वही उन्होंने कहा कि यदि आपका बच्चा खेलों में भाग लेता है तो उनमें सामाजिक कौशल का बहुत अच्छा विकास होता है खेलों के दौरान आपका बच्चा अन्य बच्चों से मिलता है और उनसे बातचीत करता है यह उसके समाजिक कौशल के विकास में सहायक होता है इसीलिए माता-पिता को कभी भी अपने बच्चों को खेलने से रोकना नही चाहिये।अंत मे उन्होंने कहा कि युवाओं में जो खेल के प्रति उत्साह देखने को मिला है उसे हम कभी कम नही होने देंगे,हमेशा युवाओं का उत्साहवर्धन करते रहेंगे।वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन में पूल ए का पहला मैच कानपुर व इंदौर के बीच खेला गया।जिसमे कानपुर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।कानपुर ने बैटिंग करते हुये निर्धारित 25 ऑवरो में अपने 6 विकेट खोकर 176 रन बनाये।जिसमे कानपुर की ओर से बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए राहुल चोपड़ा ने महज 59 गेंदों में 90 रन बनाए।जवाव में मैदान उतरी इंदौर ने 23.1 ऑवर में 151 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई।और कानपुर ने 26 रनों से मैच जीत लिया।जिसमे कानपुर के राहुल चोपड़ा मैंन ऑफ द मैच रहे।अंत मे मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार समिति सह सचिव रूपनारायण खटीक,नगर के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद खान,कॉग्रेस नेता जितेंद्र सिंह कौरव व पूर्व पार्षद सनाउल्ला खान के द्वारा प्रदान किया गया।कार्यक्रम के अंत में मंचासीन अथितियों को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।तो वहीं कार्यक्रम के अंत मे आभार व्यक्त वरिष्ठ कॉग्रेस नेता शिवनारायण दुबे( बल्लू बकील )के द्वारा किया गया।मैच का आँखों देखा हाल रजनीश पालीवाल सर,रामनारायण सर,श्यामू राजोरिया,रामू श्रीवास्तव एवं जीएस कौरव द्वारा सुनाया गया इस मौके पर लाखो दर्शको ने मैच का आनंद लिया कार्यक्रम में आयोजन समिति के सचिव चौधरी हाकिम सिंह संरक्षक नाजिम खान,सहसचिव दबोह नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रूपनारायण खटीक,पूर्व पार्षद सनाउल्ला खान,स्कोरर ईमरान सर,नीरज यादव,पबन कुशबाह ,दिलीप सोनी मौजूद रहे इस अवसर पर मुजीव खान,दिलीप नायक,पंकज शर्मा,विनय बिलैया ,सुनील पाल,राकेश रजक,मुबीन खान आदि लोग मौजूद रहे।

### ग्राम तगा व नरेटा में महिला सभा सम्पन्न

# बेटी के जन्म पर हर्षित होकर उत्साहित हों: नरेन्द्र कुशवाहा

दतिया। भारत सरकार द्वारा संचालित अभियान के तहत बालिकाओं के अस्तित्व, सुरक्षा तथा शिक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य देश के अति कम शिशु लिंगानुपात वाले चयनित जिलों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत मध्यप्रदेश के चयनित जिलों में दतिया जिले में भी इस योजना के सघन एवं समन्वित प्रयासों को शिशु लिंगानुपात में सुधार के लिए एक जन अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। जिसमें सामाजिक लिंग आधारित लिंग चयन को समाप्त करना, बालिकाओं की उत्तरजीविता और उन्हें संरक्षण सुनिश्चित करना, बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना एवं जेंडर आधारित भेद को मिटाना आदि उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विभिन्न गतिविधियां समय-समय पर आयोजित की जा रही है। जिनके माध्यम से बेटियों के जन्म पर हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के उत्सव के रूप में मनाए जाने की समुदाय से अपील की जा रही है साथ ही बेटियों को पराया धन और बोझ समझने जैसे शब्दों का उपयोग न करने के लिए समुदाय को प्रेरित किया जा रहा है

ग्राम तगा, नरेटा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत संचालित जागरूकता अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग व निर्देशन में संचालित कार्यक्रमों की श्रृंखला में *बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ महिला सभा व विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम तगा व नरेटा में आयोजित महिला सभा में मुख्यअतिथि नरेन्द्र कुशवाहा (उनाव मण्डल मंत्री भाजपा) ने




उपस्थित समुदाय से बेटी के जन्म पर हर्षित होकर उल्लास, उमंग और उत्साहित होंने की अपील की। श्री कुशवाहा ने जरूरत मंद बेटियों को स्टेशनरी किट उपलब्ध कराने की सहमति जताई। विशिष्ट अतिथि मुरारी कुशवाहा अध्यक्ष नेहरू युवा मंडल घरावा ने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 की जानकारी देते हुए महिलाओं पर होने वाली हिंसा की सूचना तुरंत महिला हेल्पलाइन 1090 देने की बात कही। श्रीमती सुषमा पाठक ने लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी दी। श्रीमती सुकृति कुशवाहा ने बेटियों के साथ होने वाली हिंसा को कभी न छुपाने का आव्हान किया। स्वदेश संस्था के संचालक व पीएलव्ही रामजीशरण राय ने बेटियों को पराया धन मानना व बोझ मानने को बंद करने की अपील की। बेटियों व महिलाओं पर होने वाली हिंसा की आवाज उठाने की सामूहिक शपथ दिलाई। अभियान सहयोगी व पीएलव्ही बलवीर पाँचाल ने अभियान के उद्देश्य व कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। अभय दाँगी ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। अभियान दल सदस्य सरल तलरेजा व आयुष राय ने बालिका शिक्षा के महत्व स्पष्ट करते हुए बताया कि शिक्षित बेटी भावी पीढियों को शिक्षित करने में महती भूमिका निभाती है। समाजसेवी व पीएलव्ही पीयूष राय ने पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए गुड टच व बैड टच की जानकारी दी। पीएलव्ही सुबोध शर्मा ने लाडो अभियान व बाल विवाह के दुष्मारिणामों की जानकारी दी। कु. प्रीति वर्मा ने किशोर न्याय अधिनियम के बारे में व्यापक जानकारी दी। साथ ही महिला सभा में उपस्थित महिलाओं व किशोरी बालिकाओं व पुरुषों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते कुछ प्रश्नों को आयोजक समूह के समक्ष रखे गए। जिनका सहज व सरल ढंग से अतिथि व स्त्रोत व्यक्तियों ने समाधान किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने उपस्थित सभी जन सामान्य की महिलाओं व बच्चों और होने वाली हिंसा को रोकने हेतु सामूहिक शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ ही समाज के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में रामेश्वर कुशवाहा राहुल कुशवाहा भगवान सिंह कुशवाहा अजय परिहार, विजय रजक, नीरज अहिरवार, आकाश पाल, रोहित रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष व बच्चों ने सहभागिता की। अभय दाँगी, उदय दाँगी, शिवम बघेल, उमेश पाल, दीक्षा लिटौरिया, प्रीति वर्मा आदि सम्मिलित रहे। आभार व्यक्त सरल तलरेजा ने किया। उक्त जानकारी अभियान प्रभारी बलवीर पाँचाल ने दी।

## न्यूज. ब्रीफ

### दीपक हूडा का आरोप, क्रुणाल पंड्या ने दी करियर खत्म करने की धमकी



नई दिल्ली। रविवार से भारत में घरेलू क्रिकेट की वापसी हो रही है। सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट की शुरूआत होगी। लेकिन इससे पहले से ही विवादों का सिलसिला शुरू हो गया। बड़ौदा के ऑलराउंडर दीपक हूडा ने टीम के पहले मैच से हटने का फैसला किया है। खबर है कि हूडा ने बड़ौदा क्रिकेट असोसिएशन को पत्र लिखकर कप्तान क्रुणाल पंड्या के खिलाफ शिकायत की है। हूडा ने आरोप लगाया है कि पंड्या ने उनके खिलाफ 'अभद्र भाषा' का इस्तेमाल किया और 'करियर खत्म करने की धमकी' दी। खबर है कि हूडा शनिवार रात को बायो-बबल छोड़कर चले गए। इसके बाद कोच और टीम काफी दुविधा में हैं। हूडा टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी हैं। यह ऑलराउंडर टीम की बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा हैं। हूडा ने असोसिशन को ईमेल लिखा- 'मैं पिछले 11 साल से बड़ौदा क्रिकेट असोसिएशन के लिए क्रिकेट खेल रहा हूं। इस समय मुझे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए चुना गया है। मैं उत्साह हीन, तनावग्रत और दबाव में महसूस कर रहा हूं।' उन्होंने लिखा, 'पिछले दो-चार दिनों से मेरे कप्तान मिस्टर क्रुणाल पंड्या टीम के साथी खिलाड़ियों और टूर्नमेंट मे भाग लेने आईं अन्य राज्यों के खिलाड़ियों के सामने मेरे खिलाफ गाली-गलौज भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।' हूडा ने आगे लिखा, 'पंड्या ने मुझे प्रैक्टिस से रोककर अपनी दादागीरी दिखाई।' हूडा ने बड़ौदा के लिए 46 फर्स्ट क्लास मैच और 123 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के माहौल में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नही कर पाए थे।

### ईस्ट बंगाल के हाथों मिली बंगलूरू को मिली सत्र की चौथी हार



**नई दिल्ली।** मैटी स्टीमन के गोल के दम पर एससी ईस्ट बंगाल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंडियन सुपर लीग के मैच में यहां पूर्व चैंपियन बंगलूरू एफसी को 1-0 से हराया। मौजूदा सत्र में बंगुलूरू की यह लगातार चौथी हार है जबकि ईस्ट बंगाल पिछले तीन मैचों से अजेय है। टीम की 10 मैचों में यह दूसरी जीत है और अब वह 10 अंकों के साथ तालिका में नौवें नंबर पर है। अपने मुख्य कोच कार्ल्स कुआड्रॉट से अलग होने के बाद भी पूर्व चैंपियन बंगलूरू की हार का सिलसिला जारी है। बंगलूरू को 10 मैचों में लगातार चौथी हार झेलनी पड़ी है। टीम 12 अंकों के साथ छठे नंबर पर है। मैटी स्टीमन ने 20वें मिनट में शानदार गोल करके ईस्ट बंगाल को 1-0 से आगे कर दिया। स्टीमन का सत्र का यह तीसरा गोल है।

### आर्थिक आंकड़े, कंपनियों के तिमाही परिणाम तय करेंगे बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल मुद्रास्फीति सहित वृहत आर्थिक आंकड़ों की घोषणा तथा कंपनियों के तिमाही परिणाम व वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख, कोविड-19 टीके से जुड़ी खबरों और आर्थिक पुनरूद्धार को लेकर उम्मीद से भारतीय शेयर बाजार पिछले सप्ताह लगभग हर दिन नये रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। पिछले कुछ सप्ताह से बाजार में तेजी की यही प्रवृत्ति रही है। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा ?कि सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का वित्तीय परिणाम शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद आया। बाजार पर इसका असर होगा। अधिक खरीदारी के संकेत के बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत लिवाली से बाजार लगातार नई ऊंचाई पर बना हुआ है। इस सप्ताह जारी होने वाले वृहत आर्थिक आंकड़ों के साथ कंपनियों के तिमाही परिणाम मुख्य रूप से बाजार की दिशा तय करेंगे। इस सप्ताह बाजार पर बहुत हद तक वैश्विक प्रवृत्ति का असर होगा। इसके अलावा निवेशकों की परीक्षण के बाद कोविड-19 टीकाकरण अभियान, दिसंबर तिमाही के परिणाम और एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से जुड़ी गतिविधियों पर भी नजर होगी। इस सप्ताह मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आने हैं। इन्फोसिस, विप्रो और एचसीएल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड जैसी कंपनियों के तिमाही परिणाम जारी होने हैं।

| 'हिटमैन' रोहित का आउट होना टर्निंग पॉइंट, पुजारा-रहाणे में मैच बचाने का दम |

# चोट के बाद भी दिखेगा जडेजा का दम

- ताबड़तोड़ बैटिंग कर रोहित ने जगाई उम्मीद
- सिडनी की पिच अब भी बैटिंग के लिए बेहतरपांचवें दिन टेस्ट मैच बचा सकते है पुजारा-रहाणे
- 'हिटमैन' रोहित का आउट होना टर्निंग पॉइंट, पुजारा-रहाणे में मैच बचाने का दम



सिडनी ■ एजेंसी

'हिटमैन' रोहित शर्मा जिस लय में बल्लेबाजी कर रहे थे, उसे देखकर लगा कि भारत इस टेस्ट मैच को न सिर्फ बचा सकता है बल्कि इसे जीत भी सकता है। रोहित शर्मा ने दूसरी पारी में 98 गेंदों पर 52 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 1 छक्का शामिल था। सिडनी टेस्ट के चौथे दिन 'हिटमैन' रोहित शर्मा जिस लय में बल्लेबाजी कर रहे थे, उसे देखकर लगा कि भारत इस टेस्ट मैच को न सिर्फ बचा सकता है बल्कि इसे जीत भी सकता है। रोहित शर्मा ने दूसरी पारी में 98 गेंदों पर 52 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 1 छक्का शामिल था। रोहित शर्मा के अर्धशतक के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के 407 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत तीसरे टेस्ट के चौथे दिन सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर 98 रन पर दो विकेट गंवाकर मुश्किलों में घिर गया।

### रोहित का आउट होना बड़ा टर्निंग पॉइंट

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में चौथे दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 4 रन) और चेतेश्वर पुजारा (नाबाद 9 रन) क्रीज पर डटे हुए थे। भारत ने दूसरी पारी में रोहित (52) और शुभमन गिल (31) के विकेट गंवाए। रोहित शर्मा का आउट होना टीम इंडिया के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। अगर रोहित क्रीज पर होते तो भारत की हालत मजबूत होती।

### भारत के लिए मैच बचा सकते हैं रहाणे-पुजारा

भारतीय टीम को पांचवें और आखिरी दिन जीत के लिए 309 रनों की दरकार है, जबकि उसके आठ विकेट शेष हैं। टीम इंडिया के लिए अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा के दम पर मैच बचाना मुमकिन है, लेकिन मुश्किल भी है। सिडनी की असमान गति वाली पिच पर हालांकि हार से बचना आसान नहीं होगा, क्योंकि टीम को दूसरी पारी में चोटिल रवींद्र जडेजा की सेवाएं भी नहीं मिलेंगी जो अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं।

### गिल-रोहित ने की थी धमाकेदार शुरूआत



407 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को रोहित और गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़कर सतर्क शुरूआत दिलाई। रोहित को 13 रन के निजी स्कोर पर जोश हेजलवुड की गेंद पर मैदानी अंपायर ने छइह आउट दे दिया था, लेकिन बल्लेबाज के ऊफर लेने पर उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। टीवी रीप्ले में दिखा कि गेंद विकेटों के ऊपर से जाती। गिल ने धीमी शुरूआत के बाद पैट कमिंस के ओवर में दो चौके मारे और फिर कैमरन ग्रीन पर चौके के साथ 19वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया।

### ऊफर ने भी रोहित का दिया था साथ

रोहित ने भी मिशेल स्टार्क पर दो चौके और ग्रीन पर छक्का मारा। हालांकि जब लग रहा था कि दोनों सलामी बल्लेबाज जम चुके हैं तब हेजलवुड की गेंद पर गिल ने विकेटकीपर टिम पेन को कैच थमा दिया। गिल ने ऊफर का सहारा लिया, लेकिन उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। हेजलवुड के इसी ओवर में चेतेश्वर पुजारा को भी मैदानी अंपायर ने आउट दिया, लेकिन ऊफर लेने पर यह फैसला भी बदलना पड़ा।

### ऑस्ट्रेलिया ने दिया था 407 रनों का टारगेट

रोहित ने नाथन लियोन पर चौके के साथ 95 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगले ओवर में कमिंस की गेंद को पुल करने की कोशिश में फाइन लेग बाउंड्री पर मिशेल स्टार्क को कैच दे बैठे। ऑस्ट्रेलिया ने कैमरन ग्रीन (84 रन) के तेजतर्रार अर्धशतक के अलावा स्टीव स्मिथ (81 रन) और मार्नस लाबुशेन (73 रन) के अर्धशतकों से छह विकेट पर 312 रन बनाने के बाद दूसरी पारी घोषित की। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह भारत को 407 रनों का टारगेट दिया। कप्तान टिम पेन ने भी 52 गेंद में नाबाद 39 रन बनाए और ग्रीन के साथ छठे विकेट के लिए 20 से कम ओवरों में 104 रन जोड़े। भारत को खराब फील्डिंग का खामियाजा भी भुगतना पड़ा जब हनुमा विहारी, उप-कप्तान रोहित शर्मा और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आसान कैच टपकाए।

## आखिरी दिन टीम इंडिया को मुश्किल से निकालेंगे रविन्द्र जडेजा, चोट में भी करेंगे बल्लेबाजी!

जरूरत पड़ने पर मैच के आखिरी दिन रविन्द्र जडेजा बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं। अपनी चोट की वजह से जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला के शुरूआती दो मैच से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी तीसरे टेस्ट मैच के दौरान शनिवार को अंगूठे में चोट के बाद फ्रेक्चर और डिस्लोकेशन का सामना करने वाले भारतीय हरफनमौला रविन्द्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के पहले दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। हालांकि कंगारुओं के खिलाफ तीसरे टेस्ट के आखिरी दिन जडेजा बल्लेबाजी कर सकते हैं।

### चोट के बाद भी दिखेगा जडेजा का दम

भारत की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान मिशेल स्टार्क की शॉर्ट गेंद उनके बायें हाथ के दस्ताने पर लगी थी, जिसके बाद उन्हें चिकित्सा मदद लेनी पड़ी। चोट के कारण वह ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। पहली पारी में इस वामहस्त खिलाड़ी ने चार विकेट लेने के बाद नाबाद 28 रन बनाकर टीम के लिए शानदार योगदान दिया। सिडनी टेस्ट में अगर जरूरत पड़ी तो वह दर्द निवारक इंजेक्शन लेकर बल्लेबाजी करेंगे। सूत्र ने कहा, टेस्ट बचाने के लिए अगर जरूरत पड़ी, तो वह इंजेक्शन लेकर बल्लेबाजी करेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, रविंद्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में चार से छह सप्ताह की आवश्यकता होगी। इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की इस श्रृंखला की शुरूआत पांच फरवरी से चेन्नई में होगी। पहला और दूसरा टेस्ट चेन्नई में खेला जाएगा। बता दें कि भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि कोहनी में चोट का सामना करने वाले ऋषभ पंत दूसरी पारी में बल्लेबाजी करेंगे।मैच के तीसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान पंत चोटिल हो गये थे। पैट कमिंस की गेंद उनकी कोहनी पर लगी थी।



## बजाज ने बढ़ाए पल्सर, प्लेटीना, अवेंजर समेत कई बाइक के दाम



नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत में स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो ने फिर से अपनी पॉप्युलर बाइक्स बजाज पल्सर, बजाज प्लेटीना, बजाज सीटी 100, बजाज अवेंजर और बजाज डोमीनार समेत कई बाइक्स के दाम बढ़ा दिए हैं। नए साल के मौके पर बजाज ने ग्राहकों को झटका दे दिया है और कई अपनी बाइक के दाम 400 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक बढ़ा दिए हैं। बजाज की पल्सर 125 और पल्सर 150 सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक है। बजाज ने पल्सर 125 स्प्लीट सीट ड्रम सीबीएस वेरियंट की कीमत 1,024 रुपये बढ़ा दी है, जिसके बाद इस बाइक की कीमत 74,298 रुपये हो गई है। वही, पल्सर 125 स्प्लीट सीट डिस्क सीबीएस वेरियंट के दाम भी 1024 रुपये बढ़ाए गए हैं और इसकी कीमत 81,242 रुपये हो गई है। बजाज पल्सर नियोन के दाम 1,498 रुपये बढ़ाए गए हैं, जिसके बाद इस बाइक की कीमत 94,125 रुपये हो गई है। वहीं पल्सर 150 सिंगल डिस्क के दाम 1,498 रुपये बढ़ाए गए हैं और अब इसकी कीमत 99,584 रुपये हो गई है।बीते 4 महीने के दौरान कंपनी ने अपनी बाइक की कीमतों में तीसरी बार इजाफा किया है और नए साल में बजाज बाइक्स खरीदने वालों की जेब पर और ज्यादा बोझ पड़ने वाला है। बजाज ने इनपुट कॉस्ट बढ़ने का हवाला देते हुए अपनी बाइक रेंज की कीमतें बढ़ाने का फैसला किया है।





## सबसे उम्रदराज ओलंपिक चैंपियन ने मनाया 100वां जन्मदिन, कहलाती हैं क्वीन ऑफ जिमनास्टिक

नई दिल्ली ■ एजेंसी

जिमनास्टिक में पांच स्वर्ण सहित 10 ओलंपिक पदक विजेता और सबसे वृद्ध जीवित ओलंपिक चैंपियन एग्नेस केलेटी ने शनिवार को अपना 100वां जन्मदिन मनाया। क्वीन ऑफ जिमनास्टिक के नाम से मशहूर केलेटी ने बुडापेस्ट में 100वां जन्मदिन का जश्न मनाया। वर्ष 1921 में जन्मीं केलेटी 1940 और 1944 ओलंपिक के द्वितीय विश्व युद्ध के कारण रद्द होने से इनमें नहीं खेल पाई थीं। उन्होंने 1952 हेलसिंकी खेलों में 31 साल की उम्र में ओलंपिक पदार्पण किया था। 35 साल की उम्र में वह जिमनास्टिक के इतिहास में सबसे उम्रदराज स्वर्ण पदकधारी बन गई थीं। यहूदी मूल की होने के कारण उन्हें 1941 में हंगरी में छिपकर रहना पड़ा। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदलकर घरों में काम किया। विश्व युद्ध के बाद उन्होंने अपना कॅरिअर फिर से शुरू किया। वह 1948 लंदन ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली थी, लेकिन अंतिम क्षणों में टखने में चोट लग गई लेकिन अगले दो ओलंपिक में उन्होंने इतिहास रच दिया।

**सस्ता मोबाइल होने की जता रहे संभावना**

## सैमसंग लॉन्च करेगी गैलेक्सी ए52 5जी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

पॉप्युलर कंपनी सैमसंग भी जल्द ही मोबाइल सैमसंग गैलेक्सी ए52 5जी लॉन्च करने वाली है। इस फोन के सस्ते होने की पूरी संभावना जताई जा रही है। सैमसंग गैलेक्सी ए52 5जी को हाल ही में चीन के 3सी नेटवर्क सर्टिफिकेशन पर एसएम-ए5260 मॉडल नंबर के साथ देखा गया था, जिसमें इस फोन की स्पेसिफिकेशंस के बारे में भी पता चला है। जल्द ही इस फोन को लॉन्च किया जा सकता है। सर्टिफिकेशन साइट के मुताबिक, मोबाइल सैमसंग गैलेक्सी ए52 5जी में 15वॉट फास्ट चार्जिंग फीचर के साथ ही क्वॉड रियर कैमरा सेटअप देखने को मिलेगा। साथ ही इस फोन में 6.5 इंच का फुल एचडी डिस्प्ले देखने को मिलेगा। इस फोन में सेल्फी कैमरा के लिए पंच होल कट आउट दिया जाएगा। इस फोन के चारों ओर स्लिम बेजल्स देखने को मिलेंगे। कंपनी ने सैमसंग गैलेक्सी ए51 के 4जी और 5जी वेरियंट्स में भी फास्ट चार्जिंग फीचर दिया है। मोबाइल




सैमसंग गैलेक्सी ए52 5जी तो कंपनी 6जीबी रैम के साथ लॉन्च कर सकती है। यह मोबाइल एंड्रॉयड 11 पर बेस्ड होगा और इसमें क्वालकाम स्नेपड्रेगन 750जी एसओसी प्रोसेसर देखने को मिल सकता है। सैमसंग के इस 5जी फोन में क्वॉड रियर कैमरा सेटअप देखने को मिलेगा, जिसमें प्राइमरी कैमरा 64 मेगापिक्सल का होगा। माना जा रहा है कि सैमसंग इस फोन को 5जी के साथ ही 4जी वेरियंट में भी लॉन्च कर सकती है और इसका 4जी वेरियंट क्वालकाम स्नेपड्रेगन 720जी एसओसी प्रोसेसर के साथ ही 8जीबी रैम ऑप्शन में आ सकता है। आपको बता दूं कि भारत में 20 हजार रुपये से कम रेंज में शाओमी और मोटोरोला ने 5जी स्मार्टफोन लॉन्च कर दिए हैं, जिनकी काफी चर्चा हो रही है।

**रसोई का बजट** — विशेषज्ञों का अनुमान कम से कम मार्च तक तेल की कीमतें कम नहीं होने वालीं

## तमाम कोशिशों के बावजूद देश में सस्ता नहीं हो रहा खाने का तेल, कीमतों में लगातार तेजी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

कुछ समय से खाने के तेल की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने तेल की कीमतें नीचे लाने के मकसद से ही पाम ऑयल पर 10 फीसदी तक आयात शुल्क भी कम कर दिया था, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद तेल की कीमतें नीचे नहीं आ रही हैं और रसोई का बजट लगातार बिगड़ता ही जा रहा है। पिछले 5 महीने में खाने के तेल की कीमत करीब 40-50 फीसदी तक बढ़ गई है। सिर्फ पिछले एक महीने में ही खाने का तेल करीब 15 फीसदी तक महंगा हो गया है। सरसों के तेल की



कीमत 40 फीसदी, सूरजमुखी के तेल की कीमत 52 फीसदी, सोयाबीन रिफाइंड ऑयल की कीमत 34 फीसदी, राइस ब्रेन रिफाइंड ऑयल 33 फीसदी और पाम रिफाइंड ऑयल की कीमत 37 फीसदी तक बढ़ गई हैं। सरसों का तेल फिलहाल 140-160 रुपये प्रति लीटर के करीब बिक रहा है।

भारत दुनिया में पाम ऑयल का सबसे बड़ा खरीदार है। इंडियन वेजिटेबल ऑयल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईवीपीए) के प्रेजिडेंट सुधाकर देसाई ने कहा कि इस कटौती ने पाम ऑयल को कम्पटीटिव बना दिया है क्योंकि अब रिफाइनर्स को सोयऑयल और सनफ्लावर ऑयल के मुकाबले 7.5 फीसदी कम टैक्स देना पड़ेगा। भारत में क्रूड सोयाबीन ऑयल और क्रूड सनफ्लावर ऑयल पर 35 फीसदी आयात शुल्क लगता है।

अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष शंकर ठक्कर कहते हैं कि भारत में तेल की मांग को पूरा करने के लिए विदेशों से करीब 65 फीसदी तेल आयात किया जाता है। विदेशों में मौसम खराब होने की वजह से फसलें खराब हुई हैं, जिसके चलते वहां तेल की कीमतें अधिक हैं।

लेटिन अमेरिका में सोयाबीन के उत्पादन पर असर पड़ा है, जबकि इंडोनेशिया में पाम ऑयल के उत्पादन पर असर पड़ा है। अर्जेंटीना में हड़ताल से भी तेल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में विदेशों से काफी महंगा तेल आ रहा है। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के महामंत्री तरुण जैन का कहना है कि तेल पर से जीएसटी हटाने की मांग की गई है, ताकि कीमतें कम हो सकें।

## रैना ने मैदान पर 600 दिनों के बाद की वापसी पहले मैच में खेली दमदार पारी ठोका अर्धशतक

नई दिल्ली ■ एजेंसी

सुरेश रैना ने क्रिकेट के मैदान पर लगभग 600 से ज्यादा दिनों के बाद वापसी की और सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के लीग मुकाबले में अपनी टीम यूपी के लिए खेलते हुए पंजाब के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। रैना ने पंजाब के खिलाफ इस मैच में अपनी टीम के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी की और 50 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 56 रन बनाए। रैना ने अपनी पारी में 2 चौके व 3 छक्के जड़े और उनका स्ट्राइक रेट 112.00 का रहा। रैना की इस पारी के दम पर यूपी ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 123 रन बनाए। हालांकि यूपी को इस मैच में हार मिली क्योंकि पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इस मैच में सिमरन सिंह (43) और अनमोल प्रीत सिंह (35) की मदद से 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन बनाए। यूपी को



जीत के लिए 135 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन रैना की तूफानी पारी के बावजूद टीम को 11 रन से हार मिली। 18 महीने के बाद रैना ने जिस तरह से बल्लेबाजी की वो काफी शानदार रहा, लेकिन उन्हें पूरी तरह से लय में आने के लिए थोड़ा वक्त चाहिए। भारतीय घरेलू टूर्नामेंट में सुरेश रैना ने अगर अच्छा प्रदर्शन किया तो इसका फायदा उन्हें आइपीएल 2021 में मिल सकता है। हो सकता है कि सीएसके उन्हें इस सीजन के लिए रिटेन कर ले, क्योंकि इस टीम की तरफ से आधिकारिक तौर पर सुरेश रैना के भविष्य को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया है। सुरेश रैना ने एक तरफ जहां पंजाब के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया तो वहीं भुवनेश्वर कुमार ने भी अच्छी गेंदबाजी की। 42 गेंदों पर 76 रन और फिर 2 विकेट लेकर इस भारतीय ऑलराउंडर ने किया धमाका, टीम को दिलाई 5 विकेट से जीत भुवी ने पंजाब के खिलाफ 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए और इस दौरान उन्होंने 14 डॉट गेंदें फेंकी। भुवनेश्वर कुमार आइपीएल 2020 के दौरान चोटिल होकर इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जा सके थे। आइपीएल 2020 के बाद अपने पहले ही मैच में भुवी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# अपहरण के मामलों में परिवार को मिलेगा अधिकार-पत्र

## पूरी ताकत से रोकेंगे महिला अपराध, पुलिस अधिकारियों के दायित्व तय, मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपराध नियंत्रण में सहयोगी असली हीरो को किया सम्मानित, मिंटो हॉल में सम्मान अभियान का शुभारंभ

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में अपराधियों पर अंकुश लगाने का कार्य पूरी ताकत से किया जाएगा। आम लोगों को कानून के राज का एहसास करवाया जाएगा। गत 08 माह में अपराधियों के विरूद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही का परिणाम है कि विभिन्न तरह के अपराधों में 15 से लेकर 50 प्रतिशत तक की कमी आयी है। बालिकाओं और महिलाओं से जुड़े अपराधों में लिप्त लोग नरपिशाच हैं। उन्हें किसी भी स्थिति में न छोड़ा जाए। बलात्कारियों को तो फाँसी ही मिलना चाहिए। प्रदेश में गुम बालिकाओं के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई है। अपहृत बच्चे की बरामदगी के लिए चैकलिस्ट के अनुसार कार्यवाही होगी। परिजनों को एक रिकार्ड पत्र दिया जाएगा जिसमें पुलिस द्वारा की जा रही विवेचना का विस्तृत विवरण होगा। अधिकार पत्र में जानकारी रहेगी कि कितने दिनों में क्या-क्या कार्यवाही की गई है। इस व्यवस्था में अब अपहृत होने वाले बच्चे के परिजन के साथ प्रत्येक 15 दिन में थाना प्रभारी और प्रत्येक 30 दिन में एसडीओपी केस डायरी के साथ बैठेंगे। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अधिकार पत्र के अनुसार कार्यवाही हुई है अथवा नहीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मिंटो हॉल में प्रदेश-स्तरीय सम्मान अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। इस अभियान का उद्देश्य महिला अपराध के उन्मूलन में समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, महिलाओं और बालिकाओं के लिए सम्मानजनक एवं अनुकूल वातावरण तैयार करना और आम लोगों को कानूनी प्रावधानों के प्रति इस तरह जागरूक करना है कि वे महिला सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभा सकें। कार्यक्रम में गृह विभाग के साथ ही अभियान में सहयोगी महिला एवं बाल विकास और जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के 6 साहसी नागरिकों को उनके जिलों के कलेक्टर, एस.पी. के माध्यम से प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए। इन नागरिकों द्वारा विभिन्न अपराधियों को पकड़वाने में भूमिका निभाई गई।

**घट रहा अपराधों का प्रतिशत**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नाबालिगों के साथ घटित अपराधों में वर्ष 2020 में भोपाल, छिंदवाड़ा, इंदौर और नरसिंहपुर में 05 अपराधियों को मृत्युदण्ड दिया गया। गत 09 माह में प्रदेश में बलात्कार के प्रकरणों में 19 प्रतिशत, अपहरण एवं व्यपहरण के प्रकरणों में 23 प्रतिशत, भ्रूण हत्या में 20 प्रतिशत, छेड़छाड़ और लज्जाभंग से संबंधित अपराधों में 14 प्रतिशत की कमी आयी है। बलात्कार के प्रकरणों के निराकरण के लिए दो माह की समयावधि में वर्ष 2020 की प्रथम छमाही में हुआ निराकरण प्रतिशत 44 था जो द्वितीय छमाही (जुलाई से दिसम्बर) में 65 प्रतिशत हो गया है। यौन अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही कर भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, धार और मुरैना जिलों में ऐसे अपराधियों की 23 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति कब्जे से मुक्त कराई गई। इसके साथ ही इनके विरूद्ध एन.एस.ए, जिलाबदर आदि की कार्यवाही भी की गई। अपराधों में प्रयोग में लाए गए वाहनों के वाहन चालक लायसेंस भी निरस्त किए जा रहे हैं। नशे के विरूद्ध अभियान के अंतर्गत 75 करोड़ से अधिक के ड्रग्स पकड़े गए। लगभग एक लाख परिवारों को तबाह होने से बचाने में सफलता मिली। वाहनों में पैनिक बटन के माध्यम से महिलाओं को संकट की स्थिति में सूचना देने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला अपराधों की सूचना देने के लिए वर्तमान में अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर संचालित हैं। इनके एकीकरण पर विचार कर कदम उठाए जाएंगे।

**एस.पी. से लेकर डी.जी. तक सभी करेंगे समीक्षा**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जो बच्चियां लापता होने के प्रकरणों की समीक्षा सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक करेंगे। इसके पश्चात क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक जोन स्तर की समीक्षा करेंगे। प्रदेश के सभी पुलिस जोन में सम्पन्न समीक्षा के पश्चात पुलिस महानिदेशक द्वारा एकत्र जानकारी की समीक्षा की जाएगी। जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में गुमशुदा बच्चों के परिजन को प्राथमिकता से सुना जाएगा। मजदूरी के लिए जिले से बाहर जाने की स्थिति में पंजीयन की व्यवस्था होगी। वन स्टाप सेंटर को सुदृढ़ बनाया जाएगा। प्रदेश में अपहृत बालिकाओं के संबंध में स्टडी भी करवाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जानकारी दी कि सीधी में दुष्कर्म के दोषी अपराधियों को पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रभावी कार्यवाहियों के लिए मध्यप्रदेश पुलिस को बधाई भी दी।

**नए कानून से नियंत्रण**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में धार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश 2020 लागू होने से किसी भी बेटी को डरा-धमकाकर या प्रलोभन देकर साथ ले जाने या विवाह करने वाले व्यक्ति को 10 वर्ष तक के कारावास और अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। कुछ मामलों में बच्चियों को अन्य प्रदेशों से लाने में सफलता भी मिली है। प्रदेश से गायब हुई बेटियों को वापिस उनके अभिभावकों तक पहुंचाने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। करीब 7 हजार प्रकरणों में गुमशुदा बच्चियों को छुड़वाया गया है।

**बालिका और महिला सशक्तीकरण पर सर्वाधिक ध्यान**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में कन्याओं के जन्म से लेकर उनके शिक्षण और कन्यादान तक की व्यवस्था सरकार ने की है। सर्वांगीण सशक्तीकरण के अंतर्गत महिलाओं को सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक सशक्तीकरण का लाभ दिलवाया जा रहा है। स्व-सहायता समूहों को जनआंदोलन का रूप दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में बालिकाओं और महिलाओं के विरूद्ध अपराधों को सहन नहीं किया जाएगा। समाज की मानसिकता बदलने की भी आवश्यकता है। सिर्फ सरकार के स्तर पर यह कार्य नहीं हो सकता, इसमें समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2006 में लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू की गई। इसके पश्चात बालिकाओं और महिलाओं के हित में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। वर्ष 2015 में %बेटी बचाओं% अभियान पूरे जोर-शोर से संचालित किया गया। सभी तरह के माफियाओं पर सख्त कार्यवाही करते हुए महिला अपराधों के विरूद्ध वातावरण बनाने की आवश्यकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल सुरक्षा समिति के गठन की कार्यवाही की जाएगीं। अन्य प्राप्त सुझावों के अनुसार बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने संबोधन में कक्षा 10वीं की छात्रा सुश्री महती दीक्षित की %पंछी% नामक कविता का भी उल्लेख किया, जिसमें बालिकाओं को साहसी बनने का आव्हान है। मुख्यमंत्री ने इन पंक्तियों को सुनाते हुए कहा कि %तू फूल नहीं फौलाद बन, इस देश की आवाज बन।% यें पंक्तियां प्रदेश की बेटियों की आवाज है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में उपस्थित सुश्री महती को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

**सम्मान अभियान के चार महत्वपूर्ण अंग**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज प्रारंभ हुए %सम्मान% अभियान के चार प्रमुख अंग होंगे। इस 15 दिवसीय अभियान में महिला अपराधों के विरूद्ध सामाजिक जनचेतना, महिला सुरक्षा, और सम्मान से संबंधित विषय पर प्रतियोगिताएं सम्पन्न करवाना और सायबर सुरक्षा शामिल हैं। अभियान की शुभंकर %गुड्डी% एक 16 वर्षीय जागरूक बालिका है जो अपने अधिकारों के प्रति सजग है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अभियान के प्रतीक शुभंकर और पुस्तिका सम्मान का अनावरण किया।

**हॉट स्पॉट चिन्हित करें**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिलों को निर्देश दिए कि वे ऐसे हॉट स्पॉट चिन्हित करें जहाँ बालिकाओं या महिलाओं से संबंधित आपराधिक घटनाएं होती हैं। भोपाल पुलिस द्वारा इस दिशा में की गई पहल सराहनीय है। अन्य जिले भी इस तरह के कदम उठाएं।

महिला अपराध रोकने और अपराध के बाद पीड़िता के **समर्थन में कार्य करने वाले हीरो सम्मानित**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में सागर की श्रीमती श्रीबाई, छिंदवाड़ा के श्री रोशनलाल विश्वकर्मा, सतना की श्रीमती मुन्नीबाई कौल, भोपाल के श्री मनोज गायकवाड़ और रायसेन के श्री मधुसूदन दुबे और भवानीसिंह को असली हीरो सम्मान से सम्मानित किया गया। इन सभी ने बालिकाओं और महिलाओं को अपराधों से बचाने और अपराध होने के बाद दोषी लोगों के विरूद्ध पुलिस को सूचित कर पकड़वाने में मदद की। मुख्यमंत्री ने इन सभी हीरो को बधाई भी दी।

**गृह मंत्री का संबोधन**–गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाया गया है। अब महिला अपराधों में कमी आ रही है। पंचायतों, नगरीय निकायों, शिक्षण संस्थानों और पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी से उनकी शक्ति बढ़ी है। विकृत मानसिकता वाले लोगों के विरूद्ध निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। हमारी संस्कृति नारियों के सम्मान को प्रमुखता देती है। महिलाओं के सम्मान को आंच पहुंचाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

**बहुआयामी कार्यक्रम में हुईं अनेक गतिविधियां**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सम्मान अभियान के कार्यक्रम की शुरूआत कन्याओं के पूजन से की। पारम्परिक स्वागत से हटकर मुख्यमंत्री श्री चौहान और अतिथियों का तुलसी के पौधों से स्वागत किया गया। मध्यप्रदेश गान को पुलिस बैंड ने मोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। प्रारंभ में पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी ने जागरूकता अभियान सम्मान की रूपरेखा प्रस्तुत की। कलेक्टर भोपाल ने सेफ सिटी प्रजेंटेशन दिया। महिला सुरक्षा गान की प्रस्तुति हुई। भारतीय ओलंपिक निशानेबाज मनु भाकर और अभिनेता अक्षय कुमार का बालिकाओं और महिलाओं के %सम्मान% पर केन्द्रित वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जब प्रदेश के 5 असली हीरो सम्मानित किए तब वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबंधित जिलों के कलेक्टर, एस.पी. भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन पुलिस महानिरीक्षक महिला अपराध श्रीमती दीपिका सूरी ने किया और आभार प्रदर्शन विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण श्रीमती अरूणा मोहन राव ने किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, शौर्या दल की सदस्य, स्कूल-कॉलेज के प्राचार्यगण, एन.सी.सी और एन.एस.एस के विद्यार्थी और विभिन्न संगठनों के सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त संभागायुक्त, जोनल पुलिस महानिरीक्षक, जिला दण्डाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी एनआईसी के माध्यम से जुड़ें। इसके अतिरिक्त कम से कम 2200 से अधिक वेबकास्ट के लिंक के माध्यम से जुड़े थे। जिसमें थाने के समस्ट स्टाफ, स्थानीय एनजीओ एवं आमजन के साथ, एसएएफ का बल, रेल पुलिस, पुलिस मुख्यालय, पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों एवं आमजन उपस्थित थे।

# बेरोजगार युवाओं को नौकरी प्राप्त करने का सुनहरा मौका

**ग्वालियर।** जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कैरियर सेंटर) द्वारा 12 जनवरी को जिला स्तरीय वृहद रोजगार मेला लगाया जायेगा। इस दिन यह मेला यहाँ बिरला नगर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रातः 11 बजे शुरू होगा। रोजगार मेले में ऑटोमोबाइल, टैक्सटाइल, इंश्योरेंस, सेल्स व मार्केटिंग व सिक्योरिटी सहित अन्य सेक्टर की 37 कंपनियों के आने की सहमति मिल चुकी है। रोजगार मेले के साथ जिला स्तरीय इण्डस्ट्रीज कंसलटेशन वर्कशॉप भी आयोजित होगी। इस वर्कशॉप के माध्यम से जिले के प्रतिष्ठानो को मेन पॉवर (मानव संसाधन) की पूर्ति कराने के प्रयास किए जायेंगे। रोजगार मेले में कौशल विकास केन्द्र भी सहभागिता करेंगे। निजी कंपनियों में नौकरी करने के इच्छुक आवेदकों से रोजगार मेले में शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड, पासपोर्ट साईज के फोटोग्राफ लेकर आने की अपील की गई है। साथ ही नियोजक एवं कौशल प्रदाता संस्थाओं को भी इस मेले में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा खुला आमंत्रण दिया गया है।

# किसानों का भुगतान न करना एवं खराब धान खरीदना दो समिति प्रबंधकों को भारी पड़ा

## कलेक्टर ने हरसी व गोहिंदा सहकारी समितियों के प्रबंधकों की जमीन अधिग्रहीत करने के दिए निर्देश

**ग्वालियर।** समर्थन मूल्य पर धान बेचकर गए किसानों को भुगतान न करना और अमानक धान खरीदना दो समितियों के प्रबंधकों को भारी पड़ा है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इन समिति प्रबंधकों की जमीन का अधिग्रहण करने और दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को आयोजित हुई अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने यह निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि हरसी सोसायटी के समिति प्रबंधक द्वारा 11 किसानों को 18 लाख रूपए का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे किसान परेशान हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सोसायटी प्रबंधक जगदीश यादव की निजी जमीन का अधिग्रहण कर एपेक्स बैंक के नाम करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एपेक्स बैंक से संबंधित किसानों का भुगतान कराने को कहा है। उन्होंने समिति प्रबंधक के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई करने की हिदायत भी दी है। इसी तरह सहकारी संस्था गोहिंदा के प्रबंधक मदन तिवारी द्वारा 2 हजार क्विंटल खराब धान की खरीदकर सोसायटी में जमा कराया गया। जाँच में यह धान अमानक पाया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने मदन तिवारी की निजी जमीन का अधिग्रहण शासन हित में करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में जोर देकर कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी कदापि बर्दाश्त नहीं होगी। किसानों के सभी तरह के भुगतान में कतई देरी न हो अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में सीएम हैल्पलाइन व समय-सीमा के प्रकरणों का निराकरण सहित सरकार के अन्य प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही 11 जनवरी से शुरू हुए प्रदेशव्यापी महिला जागरूकता अभियान सम्मान के संबंध में भी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री किशोर कान्याल, श्री आशीष तिवारी, श्री टी एन सिंह व श्री रिंकेश वैश्य, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री राजीव सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

**बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता बरतें पर पैनिक न फैले**–अंतरविभागीय समन्वय बैठक में पशुपालन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बर्ड फ्लू को लेकर केन्द्र व राज्य शासन द्वारा जारी की गई एडवायजरी के अनुसार पूर्ण सावधानी एवं सतर्कता बरतें। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि लोगों में भ्रम या भय की स्थिति (पैनिक) उत्पन्न न हो। पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संदिग्ध अवस्था में मृत पाए जाने पर पक्षियों के नमूने लेकर तत्काल जाँच के लिये भेजें।

# महिला एवं बच्चों के सशक्तिकरण पर व्हाटसएप मैसेज क्रियेटिंग प्रतियोगिता

## 26 जनवरी तक प्रविष्टियाँ मान्य होंगीं

ग्वालियर। महिला-बाल विकास विभाग द्वारा व्हाटसएप पिक्चर मैसेज क्रियेटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता बच्चों, किशोरी, बालिकाओं एवं महिलाओं का स्वास्थ्य, पोषण विकास, महिला एवं किशोरी सशक्तिकरण, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा और जेंडर समानता विषय पर आधारित होगी। प्रतियोगिता में 18 से 40 वर्ष की आयु समुह के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 26 जनवरी है। प्रतियोगिता में कुल 55 पुरस्कार दिए जाएगें। जिसमें 10 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार पाँच लोगों को दिया जायेगा । इसी तरह 5 हजार के दस द्वितीय तथा एक हजार के कुल 50 तृतीय पुरस्कार दिऐ जायेगें। व्हाटसएप पिक्चर मैसेज प्रतियोगिता की संदर्भ सामग्री विभागीय वेबसाइट तथा विभागीय यू-ट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए और अपनी प्रविष्टि अपलोड करने के लिए पर लॉगइन कर सकते हैं।

# हिंदू महासभा ने ग्वालियर में शुरू की महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे पर स्टडी सेंटर

**ग्वालियर (मप्र)।** हिंदू महासभा ने रविवार को विश्व हिंदी दिवस पर ग्वालियर में अपने दफ्तर में महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की ज्ञानशाला की शुरुआत कर दी। इस ज्ञानशाला में गोडसे और देश विभाजन से जुड़े तथ्यों को युवा पीढ़ी को बताने का काम किया जाएगा। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जयवीर भारद्वाज ने आरोप लगाया कि देश विभाजन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है, जिसके कारण अखंड भारत के दो टुकड़े हुए और करीब पांच लाख हिंदुओं की हत्या की गई तथा 20 लाख से ज्यादा हिंदू विस्थापित हुए। उन्होंने कहा कि देश विभाजन को कांग्रेस ने स्वीकार किया और उसके कारण आज पाकिस्तान दुश्मन है और भारत का बहुत बड़ा धन उसके साथ सुरक्षा में खर्च होता है। उन्होंने कहा कि यही नहीं, कांग्रेस ने ही देश में हिंदू और मुसलमान के बीच नफरत बढ़ाई। इसी कारण कांग्रेस ने नाथूराम गोडसे और नारायण राव आप्टे का अदालत में दिया गया बयान 50 वर्षों तक बाहर नहीं आने दिया। महात्मा गांधी की हत्या करने के जुर्म में गोड़से एवं आप्टे को 15 नवंबर 1949 को अंबाला की जेल में फांसी की सजा दी गई थी। भारद्वाज ने बताया, अब हिंदू महासभा इसी इतिहास को नयी पीढ़ी को बताने के लिए ग्वालियर में दौलतगंज स्थित कार्यालय में गोडसे की ज्ञानशाला शुरू कर रही है। इस ज्ञानशाला में गोडसे के अलावा राष्ट्र निर्माण करने वाले दूसरे महापुरुषों, गुरु गोविंद सिंह, छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, डॉ. हेडगेवार, पंडित मदन मोहन मालवीय से जुड़ा इतिहास भी बताएगी। उन्होंने कहा, हिंदू महासभा ने हमेशा से हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान की बात की है और आज 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस है, इसलिए इस ज्ञानशाला की शुरुआत की गई है। इसके पहले हिंदू महासभा ने 15 नवंबर 2017 को गोडसे का यहां मंदिर बनाने के लिए प्रतिमा भी स्थापित की थी, लेकिन उस समय उस प्रतिमा को जब्त कर लिया गया। इस प्रतिमा को हिंदू महासभा के कार्यकर्ता कई बार प्रशासन से मांगते रहे हैं।






# रोट्रेक्ट रीगल का नववर्ष समारोह आयोजित

सुरजीत राजावत

**ग्वालियर।** रोट्रेक्ट क्लब ऑफ ग्वालियर रीगल द्वारा नववर्ष समारोह का आयोजन स्वर्ग सदन में आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर आयुक्त नगर निगम नरोत्तम भार्गव तथा वशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद करूणा सक्सैना उपस्थित रहीं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री भार्गव ने कहा युवाओं के लिए रोट्रेक्ट क्लब रीगल द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वो सराहनीय है क्योंकि युवा ही देश का भविष्य है श्रीमती सक्सेना ने कहा समय समय पर ऐसे कार्यक्रम युवाओं के लिए आयोजित होते रहने चाहिए जिससे उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है।इस मौके पर छह महीने अच्छा कार्य करने वाले रोट्रेक्ट रीगल सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये तथा टीम स्वर्ग सदन को ग्वालियर गौरव से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन मानसी चौहान तथा आभार व्यक्त क्लब अध्यक्ष आकाश बरूआ ने किया इस अवसर पर स्वर्ग सदन संस्थापक विकास गोस्वामी ,रोटरी रीगल अध्यक्ष अखिलेश पटेरिया ,सुधीर त्रिपाठी, सौरभ चतुर्वेदी, राममोहन त्रिपाठी, केएन मेवाफरोश ,जयदेव शर्मा,पवन दिक्षित सहित सभी रोटरी तथा रोट्रेक्ट रीगल के सदस्य उपस्थित रहे।

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
MAKE IN INDIA
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO ApprovedNTEGRATEAIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations PAN India GPS Service)

प्रो.- विपिन सिंह तोमर
(संचालक सौम्या प्रापर्टी डीलर)
मो.-9301759475
9713253992
मेल- vipintomar172@gmail.com
सौम्या प्रोपर्टी डीलर
आवासीय भूमि (प्लॉट, फ्लैट, मकान, बंगला, खरीदने, बेचने व किराये) पर लेने देने के लिये सम्पर्क करें
ग्वालियर शहर में प्रोपर्टी खरीदने व बेंचने के लिये सम्पर्क करें
पता- दुकान न. 3/4 तोमर मार्केट, गायत्री मंदिर वाली गली, पिंटो पार्क, ग्वा.

PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478